CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 05-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 01-04-2026 23:04 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > सोमवार, 5 जनवरी 2026 > पौष 16 शक 1947 माघ कृष्ण द्वितीया, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 4 > पेज 14* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक सदौद पर ही लागू

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का ऑफ प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

बच्चों की बात पर ऐक्ट्रेस जेनिफर हो गईं भावुक

देखें सप्लिमेंट

भारत की आत्मशक्ति का दिव्य रूप है सोमनाथः मोदी

p8

द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत करने UAE गए सेना प्रमुख पेज 10

केरल में विपक्ष के नेता की बढ़ी मुश्किलें, सतीशन के खिलाफ CBI जांच पेज 7

IRCTC घोटाला केस में लालू की याचिका पर आज सुनवाई पेज 7

NBT नवभारत टाइम्स Wealth

क्या आपने NBT Wealth लिया?

पर्सनल फाइनेंस की खबरें आपकी भाषा हिंदी में।

हर सोमवार पढ़ें NBT Wealth सिर्फ 6 रुपये में

अपने पेंडर से संपर्क करें या 18001205474 पर भी कॉल कर सकते हैं।

NBT Wealth आपको कैसा लगता है, इसमें क्या पसंद आता है और क्या नहीं? क्या और चाहते हैं आप? ऐसे विषयों पर आप कॉल करके अपनी बात नोट करा सकते हैं। आपका संदेश संपादक तक पहुंच जाएगा।

कॉल करें 011-4978 0064 पर आज दिन में 11 से 12 बजे तक

फटाफट खबरें

नॉर्थ कोरिया ने समुद्र में दागी मिसाइल

नॉर्थ कोरिया ने समुद्र में रविवार को बैलिस्टिक मिसाइल दागी। साउथ कोरिया के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि सेना को सुबह नॉर्थ कोरिया की राजधानी के इलाके से कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागे जाने का पता चला।

रेलवे ट्रैक पर मिला इंजीनियर का शव

फरीदाबाद में नीलम पुल और न्यूटाउन रेलवे स्टेशन के बीच एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर का शव रेलवे ट्रैक पर कई टुकड़ों में मिला। विक्रमजीत सिंह (35) सेक्टर-10 में रहते थे। मां का कहना है कि नौकरी न होने से परेशान था। घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे की बताई जा रही है।

होटल की 12वी मंजिल से दी जान

दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में रविवार को 50 साल के व्यक्ति ने 5 स्टार होटल की 12वी मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान लाजपत नगर निवासी परविंदर सिंह जुनेजा के रूप में हुई है। जुनेजा क्रिसमस के दौरान होटल में ठहरे थे और बाद में चले गए थे।

नाइजीरिया में नाव पलटी, 25 की मौत

नॉर्थ नाइजीरिया के योबे राज्य में एक यात्री नाव पलट गई, जिससे 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 अन्य लापता हैं। योबे इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी ने रविवार को बताया कि नाव में सवार 52 यात्रियों में से 13 को बचा लिया गया है।

हैपी मॉर्निंग

पिंकू : देख यार, इसी पिछले 8 साल से नहीं पहना फिर भी इसकी फिटिंग वैसी की वैसी ही है...

टिंकू : कुछ तो ऊपर वाले का खौफ कर... ये डॉल है।

मौसम

अधिकतम तापमान 17.3° न्यूनतम तापमान 7.4° मंगलवार

सूर्योदय 5:39 सोमवार | सूर्यास्त 7:15

6 जनवरी तक दिल्ली के कुछ इलाकों में शीत लहर की आशंका।

* 10 + 4 नोएडा/गाजियाबाद टाइम्स

कोर्ट ने उपराष्ट्रपति को राष्ट्रपति की ज़िम्मेदारी संभालने को कहा

अमेरिका लाए गए वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति, विवादित जेल में हैं बंद

■ एपी/एएफपी, न्यू यॉर्क, वॉशिंगटन/काराकास

पद से हटाए गए साउथ अमेरिकी देश वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को अमेरिका के मैनहट्टन लाया गया। उन्हें लेकर एक विमान न्यू यॉर्क के पास एक्सपोर्ट पर उतरा। इसके बाद हेलिकॉप्टर उन्हें लेकर मैनहट्टन पहुंचा। वहां से उन्हें बख्तरबंद गाड़ी से पास के ड्रग एनफोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन' (DAE) ऑफिस ले जाया गया।

व्हाइट हाउस ने निकोलस मादुरो का वीडियो जारी किया है

शनिवार तड़के अमेरिका ने सैन्य अभियान के बाद वेनेज़ुएला से मादुरो और उनकी पत्नी को उनके घर से पकड़ लिया था। पकड़ने के बाद उन्हें एक अमेरिकी युद्धपोत पर ले जाया गया था।

व्हाइट हाउस के एक सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में मादुरो मुस्कराते दिखाई दे रहे हैं। उन्हें डीएई एजेंट बाँहें पकड़े हुए ऑफिस के अंदर ले जा रहे थे। मादुरो को ब्रुकलिन जेल में रखा गया है। यह विवादित जेल मानी जाती है। अमेरिका में मादुरो को ड्रग्स से जुड़े आतंकवाद की साजिश के आरोप में केस का सामना करना पड़ेगा। वेनेज़ुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्स ने अमेरिका से मादुरो को रिहा करने की मांग की। वेनेज़ुएला की अदालत ने उन्हें अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर पद संभालने का आदेश दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा, 'हम वेनेज़ुएला के बड़े हुए नेताओं के साथ काम करने को तैयार हैं, अगर वे सही फैसला लेते हैं।'

जांच अधिकारी वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बाद पकड़कर ले जाते हुए बिडियो में दिख रहे हैं।

AP AFP

स्पेन में US एंबेसी के सामने प्रदर्शनकारी कार्टून लेकर पहुंचे, जिसमें ट्रंप को वैरल से तेल चोते दिखाया गया है।

US ने 150 विमानों का किया इस्तेमाल

ऑपरेशन में तहस-नहस घर।

अमेरिका ने वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति को पकड़ने के लिए जो मिशन चलाया उसे 'ऑपरेशन एब्सॉल्यूट रिजॉल्व' नाम दिया था। अमेरिका की सेना ने सबसे पहले वेनेज़ुएला के एयर डिफेंस सिस्टम्स को ध्वस्त किया। इस मिशन को उसकी सेना की डेल्टा फोर्स ने अंजाम दिया। अमेरिका की एयर पावर ने उसका रास्ता साफ किया। इस अभियान में 150 से ज्यादा एयरक्राफ्ट शामिल थे। ड्रोन भी थे। (NBT)

अमेरिका की सैन्य कार्रवाई पर कई देशों ने जताई चिंता

चीन ने कहा, प्रेजिडेंट को तुरंत रिहा करे अमेरिका

चीन ने अमेरिका से कहा कि वह वेनेज़ुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करे। उसने बातचीत के जरिए मुद्दे को हल करने की अपील की। चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'अपदस्थ राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिका के जबरन हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाने पर चीन गहरी चिंता जताता है। यह कदम अंतरराष्ट्रीय कानून, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी मानदंडों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का सीधा उल्लंघन है।'

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग

भारत बोला, बातचीत से सुलझाएं सारे मुद्दे

वेनेज़ुएला के घटनाक्रम पर रविवार को भारत ने चिंता जताई। विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक, 'सरकार स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए है। भारत वेनेज़ुएला के लोगों की सुरक्षा और भलाई को लेकर समर्थन दोहराता है। हम सभी पक्षों से बातचीत के जरिए सभी मुद्दों को सुलझाने की अपील करते हैं।' वेनेज़ुएला की राजधानी काराकस में एकेसी भारतीय समुदाय के संपर्क में है और उन्हें मदद देते रहेंगे। पेज 10

कहा, भारतीय समुदाय की कर रहे मदद

वेनेज़ुएला में तनाव के बीच रही शांति

रविवार को वेनेज़ुएला में तनावपूर्ण शांति बनी रही। वेनेज़ुएला की राजधानी काराकस में रविवार को आम दिनों के मुकाबले खामोशी रही। सड़कों पर बहुत कम वाहिद नजर आई। ज्यादातर स्टोर, पेट्रोल पंप और दूसरे कारोबार बंद रहे। शनिवार को अज्ञात वी आशंका के बीच वेनेज़ुएला के लोग सामान जमा करने के लिए दुकानों और पेट्रोल पंपे के बाहर लंबी कतारों में दिखे।

नोएडा में शराब पार्टी के दौरान हुआ विवाद

MNC के ब्रांच मैनेजर की चाकू मारकर हत्या, लिव इन पार्टनर अरेस्ट

■ कोरिया का रहने वाला था युवक

■ मणिपुर की युवती के साथ लिवइन में रहता था

ढक ही यूह (मृतक)

लुजियाना गामई (आरोपी युवती)

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा

नोएडा के सेक्टर-150 स्थित एटीएस पायस हाइडवे सोसयटी में सैमसंग कंपनी के ब्रांच मैनजर कोरियाई युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोप मणिपुर की रहने वाली उनकी लिव-इन पार्टनर पर है। घायल अवस्था में वह खून ही युवक को कासना स्थित जिम्स अस्पताल लेकर पहुंची और मौके से फरार हो गई। युवक की मौत के बाद रविवार को अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद नोलेज पार्क पुलिस ने आरोपी युवती को अरेस्ट कर लिया। बताया जा रहा है कि एक पार्टी में नशे की हालत में दोनों के बीच विवाद हुआ, जो मर्डर तक पहुंच गया।

नोएडा की एटीएस पायस हाइडवे सोसायटी में रहते थे दोनों

पहले खुदही ब्लड रोकने की कोशिश की: एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान ढक ही यूह (Duck Hee Yuh) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यूह पिछले डेढ़ साल से मणिपुर की रहने वाली लुजियाना गामई के साथ लिव-इन में रह रहे थे। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि चाकू लगने के बाद महिला ने पहले खुद ही ब्लड को रोकने का प्रयास किया, लेकिन सूचना मिलने पर एम्बुलेंस बुलाकर घायल को हॉस्पिटल पहुंचाया। वहीं पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि 2 साल पहले नेपाल के एक क्लब में दोनों की मुलाकात हुई थी। युवती ने पूछताछ में बताया कि झगड़े के दौरान चाकू कोरियन व्यक्ति के हाथ में था। हाथापाई होने पर चाकू उसके सीने में लग गया।

फ्लैट में पार्टी के दौरान हुई कहासुनी

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि घटना के समय फ्लैट में शराब पार्टी चल रही थी। दोनों ने शराब पी थी। इसी दौरान कहासुनी हुई, जो मारपीट और फिर हत्या तक पहुंच गई। युवती का आरोप है कि बॉयफ्रेंड उसके साथ मारपीट करता था।

कॉल डिटेल खंगाली जा रही है

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि घटना के समय फ्लैट में कोई अन्य व्यक्ति मौजूद था या नहीं। इसके साथ ही मृतक और आरोपी के मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) खंगाले जा रहे है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं हत्या पूर्व नियोजित तो नहीं थी। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

महाराष्ट्र में निकाय चुनाव 15 जनवरी को

कैंडिडेट जहां निर्विरोध जीते, वहां का चुनाव रद्द हो: उद्धव

■ पीटीआई, मुंबई

शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव में जिन वॉर्ड में कैंडिडेट निर्विरोध जीते हैं, वहां चुनाव रद्द करके दोबारा से वोटिंग प्रक्रिया शुरू हो। निर्विरोध चुने गए अधिकतर उम्मीदवारों में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल दलों के उम्मीदवार हैं। निकाय चुनाव 15 जनवरी को होने हैं।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे के साथ उद्धव ने दावा किया कि देश में माहौल ऐसा है, मानो लोकतंत्र पर मीडतंत्र ने कब्जा कर लिया है। दोनों चचेरे भाइयों ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया। राज ठाकरे ने कहा कि मुंबई और राज्य के अन्य शहरों के मेयर मराठी ही होंगे। उद्धव ने कहा कि जब से शिंदे ने राज्य सरकार की बागडोर संभाली, BMC की संपत्ति ठेकेदारों पर लुटाई जा रही है।

शिवसेना (UBT) चीफ उद्धव ठाकरे और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे (दए)

CEC को ममता का पत्र, SIR बंद करने की मांग

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में चल रहे वोटर समीक्षा (SIR) को तत्काल रोकने की मांग करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि इससे लोकतांत्रिक नींव को अपूरणीय क्षति होगी और लोगों को वोट से वंचित होना पड़ेगा।

बांग्लादेश में हिंदू व्यापारी की हत्या में 3 गिरफ्तार

■ पीटीआई, ढाका : बांग्लादेश में एक हिंदू व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला करने और जलाकर मार डालने के मामले में रविवार को तीन लोगों को अरेस्ट किया गया। ढाका से करीब 100 किमी दूर शरीयतपुर जिले में बुधवार रात खोकन चंद्र दास (50) पर हमला किया गया था। डॉक्टर को उनकी मृत्यु हो गई थी। रैपिड ऐक्शन बटालियन (RAB) की एक टीम ने रविवार सुबह ढाका से करीब 100 किमी उत्तर-पूर्व में किशोरगंज से 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के नाम सोहाग खान, रब्बी मोल्ला और पलाश सरदार है। दवा की दुकान और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करने वाले दास एक ऑटो-रिक्शा से जा रहे थे, तभी हमलावरों ने रिक्शे की, धारदार हथियारों से हमला किया और फिर सिर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी।

धारदार हथियार से से हमले के बाद जलाकर की थी हत्या

अंकिता भंडारी मर्डर केस में दिल्ली तक प्रदर्शन, 11 को उत्तराखंड बंद का ऐलान

देहरादून के परेड ग्राउंड में जुटे प्रदर्शनकारी CM आवास की ओर जाने लगे तो पुलिस से भिड़त हुई।

■ अंकिता भंडारी मर्डर केस में रविवार को उत्तराखंड से दिल्ली के जंतर मंतर तक प्रदर्शन हुए।

■ पौड़ी के रिजॉर्ट में 18 सितंबर 2022 को हुए अंकिता मर्डर केस की CBI जांच की मांग से रही है।

■ दिल्ली के जंतर मंतर पर काफी लोग जुटे और 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद का ऐलान किया गया है। पेज 7

नोएडा का AQI 307

फिर बढ़ा प्रदूषण, 10 दिनों तक ऐसा ही रहेगा हाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दो दिन बाद रविवार को प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़कर बेहद खराब हो गया। हवा की कम रफ्तार की वजह से यह इजाफा हुआ है। अनुमान है कि अगले 10 दिनों तक इसका स्तर बेहद खराब ही रहने वाला है। AQI 401 या इससे अधिक होने पर GRAP-3 लगाया जाता है। रविवार को दिल्ली का AQI 307 रहा। फरीदाबाद का 215, गाजियाबाद का 298, नोएडा का 307 और गुड़गांव का सबसे ज्यादा 333 रहा। 40 में से 26 जगहों पर प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा। 10 जगहों पर यह खराब और दो जगहों पर यह सामान्य स्तर पर रहा। देखें सप्लिमेंट

रहमान के बाद फैसला IPL की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज को कर दिया था रिलीज

T20 वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएगी बांग्लादेश की टीम, सुरक्षा का दिया हवाला

■ पीटीआई, ढाका

आगले महीने होने वाले T20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की क्रिकेट टीम भारत में नहीं खेलेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने सुरक्षा और अपनी सरकार का हवाला देकर टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया है। IPL की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) की ओर से बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को रिलीज करने के बाद यह फैसला लिया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के निर्देश पर रहमान को रिलीज किया गया था।

रहमान को IPL से बाहर किए जाने के बाद BCB ने जनवरी रात मीटिंग बुलाई। इसके बाद रविवार को बताया कि राष्ट्रीय टीम 7 फरवरी से शुरू होने वाले T20 वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं जाएगी। BCB ने एक बयान में कहा, 'बोर्ड ने पिछले 24 घंटों के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए स्थिति की समीक्षा की। भारत में खेले जाने वाले मैचों में टीम की भागीदारी से जुड़े मौजूदा परिस्थितियों पर गहरी चिंता जताई है। भारत में बांग्लादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और बांग्लादेश सरकार की सलाह पर निदेशक मंडल ने फैसला किया है कि टीम टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं जाएगी।' पेज 9

अगर बांग्लादेशी क्रिकेटर कॉन्ट्रैक्ट में होने पर भी भारत में नहीं खेल सकता, तो टीम वर्ल्ड कप खेलने भारत जाने में सुरक्षित महसूस नहीं कर सकती।

–अशीक नजरुल, खेल मंत्रालय के सलाहकार (बांग्लादेश)

श्रीलंका में मैच चाहता है बांग्लादेश

बांग्लादेश ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) से गुजारिश की है कि उसके मैचों को भारत के बाहर कराया जाए। बांग्लादेश को लीग फेज के अपने चारों मैच भारत में खेलने हैं। टूर्नामेंट में तीन ग्रुप मैच कोलकाता में और एक मुंबई में खेलना है। पाकिस्तान के साथ हुए समझौते की तरह बांग्लादेश भी चाहता है कि उसके मैच टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले दूसरे देश श्रीलंका में ट्रांसफर कर दिए जाए। T20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा।

गुरमीत राम रहीम को फिर 40 दिन की मिली परोल

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : अपनी दो शिष्याओं से रेप में 20 साल की जेल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को रविवार को फिर 40 दिन की परोल मिल गई। राम रहीम अभी हरियाणा के रोहतक के सुनारिया जेल में बंद है। इससे पहले पिछले साल अगस्त में 40 दिन की परोल मिली थी। इस हालिया परोल से पहले राम रहीम 2017 में दोषी ठहराए जाने के बाद से 14 बार जेल से बाहर आ चुका है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति जैसी संगठनों ने राहत दिए जाने की आलोचना की है। जेल से बाहर आने के बाद वह कई बार बागपत स्थित डेरे के आश्रम में रहा।

राम रहीम

बेटा घर आया तो हत्या का चला पता

दिल्ली में बुजुर्ग कपल का मर्डर, गहने गायब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

यमुनापार के मानसरोवर पार्क में मैनूर राम नगर एक्सटेंशन में एक बुजुर्ग दंपती का शव घर के अलग-अलग कमरे में मिला। पुलिस ने दोनों की हत्या का अंदेशा जताया है। मर्डर में किसी करीबी के हाथ होने की बात कही है। बेटा देर रात घर आया तो वारदात का पता चला। जान गंवाने वाले दंपती की पहचान परवेश बंसल (65) और वीरेंद्र कुमार बंसल (71) के तौर पर हुई है। शुरुआती जांच में पता चला कि परवेश बंसल ने जो गहने पहने थे, वे गायब हैं। घर के आसपास लगे CCTV फुटेज की जांच की जा रही है। डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि 4 जनवरी की आधी रात की घटना है। पेज 3

दोनों अकेले रहते थे घर

सिर पर भारी चीज से किया गया था वार

जांच के दौरान पता चला कि वीरेंद्र कुमार बंसल के सिर पर किसी भारी चीज से वार किया गया था। परवेश बंसल के शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। आशंका है कि उनकी गला दबाकर हत्या की गई होगी।

NBT AI टाइम मशीन

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर रविवार, 5 जनवरी 2026



आज है Ghibli के जादूगर का जन्मदिन

आज ही के दिन 1941 में एनिमे दुनिया के हीरो हयाओ मियाजाकी (Hayao Miyazaki) का जन्म हुआ था। उन्होंने दो साथियों के साथ मिलकर 1985 में स्टूडियो गिबली की नींव रखी, जो हाथ से बने जादुई एनिमेशन और दिल छू लेने वाली कहानियों के लिए पूरी दुनिया में फेमस हुआ। फिल्म 'रिपब्लिटेड अवे' को अकैडमी अवॉर्ड भी मिला। इनकी फिल्मों में प्रकृति, शांति और मानवीय भावनाओं का संगम दिखता है।

भविष्य में जा सकेंगे एनिमे की दुनिया में

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में एनिमेशन सिर्फ देखने का माध्यम नहीं रहेगा, बल्कि पूरी तरह जीने वाला अनुभव बन जाएगा। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, क्वांटम कम्प्यूटिंग और ब्रेन-कम्प्यूटर इंटरफेस से सोचते ही किरदार और कहानियां बनेंगी। एनिमेशन 2D-3D से आगे बढ़कर होलोग्राफिक रूप ले लेगा। यह दुनिया की सबसे बड़ी क्रिएटिव इंडस्ट्री होगी। दर्शक कहानी का हिस्सा बनेंगे, किरदारों से बात करेंगे और कहानी की दिशा खुद तय कर सकेंगे।

AI Images

SPEED News

भारत के आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी

रविवार को UAE और श्रीलंका के दौरे पर रवाना हो गए। वे UAE जाकर टॉप सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

Agency

ईरान में खस्ताहाल अर्थव्यवस्था की वजह से भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

बांग्लादेश नैशनल पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री

खालिदा जिया के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भेजे गए शोक संदेश के लिए आभार व्यक्त किया।

AI Image

नेपाल में भारत सीमा से सटे दो कस्बों में

सोशल मीडिया पर विवादित धार्मिक कंटेंट डालने पर हिंसा भड़की। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

द इनसाइड स्टोरी

US ने मादुरो को कैसे पकड़ा

Photos: Agency

ये कोई फिल्म का सीन नहीं, बल्कि हकीकत थी। महीनों की खुफिया निगरानी और सैन्य ताकत के दम पर अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके ही घर से गिरफ्तार कर लिया। इस ऑपरेशन ने पूरी दुनिया की राजनीति को हिला दिया है।

ट्रंप ने कब, कैसे पूरे ऑपरेशन को टीवी शो की तरह देखा।

ब्रुकलिन की कुख्यात जेल में रहेंगे मादुरो

■ एपी, न्यूयॉर्क

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को न्यू यॉर्क के ब्रूकलिन के कुख्यात मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर (MDC) में रखा गया है। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद रविवार को बड़ी संख्या में वेनेजुएला के प्रवासी इस जेल के बाहर जमा हुए और जश्न मनाया। यह जेल अपनी खराब हालत और हिंस के लिए बदनाम रही है। कई जज यहां आरोपियों को भेजने से भी इनकार कर चुके हैं। 1990 के दशक की शुरुआत में बनी इस जेल में करीब 1,300 कैदी हैं। यहां अमतौर पर संघीय अदालतों में ट्रायल का इंतजार कर रहे आरोपी रखे जाते हैं। पहले भी इस जेल में आर. केली, 'शॉन डिडी' कॉम्ब्स, सैम बैंकमैन-फ्राइड जैसे चर्चित कैदी रह चुके हैं। इससे पहले होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज भी इसी जेल में बंद रह चुके हैं।

ट्रंप ने पूरे ऑपरेशन को देखा लाइव

फ्लोरिडा के मार-ए-लागो क्लब में ट्रंप एक अलग कमरे में बड़ी स्क्रीन पर सब कुछ लाइव देख रहे थे। व्हाइट हाउस ने जो तस्वीरें पोस्ट की, उनके मुताबिक, स्क्रीन पर सोशल मीडिया X की लाइव फीड भी चल रही थी। इसी दौरान, अमेरिकी डेल्टा फोर्स के कमांडो वेनेजुएला की राजधानी कराकास में मादुरो के घर में घुसे, जहां वे अपनी पत्नी के साथ सो रहे थे। मादुरो स्टील से बने सुरक्षित कमरे की ओर भागे, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।

महीनों की योजना, लक्ष्य-मादुरो को सत्ता से हटाना

यह कार्रवाई अचानक नहीं हुई। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, इसका मकसद शुरू से साफ था- मादुरो को वेनेजुएला की सत्ता से हटाना। हालांकि, पहले सार्वजनिक रूप से कहा जाता रहा कि अमेरिका का इरादा रेजीम चेंज यानी सत्ता बदलने का नहीं है, लेकिन पर्दे के पीछे तैयारी चल रही थी। ट्रंप को डर था कि कहीं अमेरिका किसी लंबे युद्ध में न फंस जाए, लेकिन क्रिसमस से पहले उन्होंने ऑपरेशन को हरी झंडी दे दी।

अमेरिका में रह रहे वेनेजुएला के लोग निकोलस मादुरो को पकड़ कर लिए जाने और अमेरिका लाने की खबर के फैलते ही, जश्न मनाने लगे। कुछ लोगों ने वेनेजुएला का झंडा कंधों पर लपेट कर 'आजादी' का नारा भी लगाया।

अमेरिका में जश्न

वेनेजुएला के सबसे बड़े सैन्य परिसर फुएर्ते तिउना की अमेरिकी हवाई हमले से पहले और बाद की तस्वीर।

कब, कैसे शुरू हुई तैयारी

तैयारी अगस्त से ही शुरू हो गई थी। CIA ने वेनेजुएला में एक टीम तैनात की, जिसने मादुरो की दिनचर्या, खाना, यहां तक कि क्या खाते-पहनते है, पर नजर रखी। CIA का एक सूत्र वेनेजुएला सरकार में भी सक्रिय था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, मादुरो के पालतू जानवरों तक पर यह टीम नजर रख रही थी

अल्टीमेटम और ड्रोन हमला

नवंबर 2025 में ट्रंप और मादुरो के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। ट्रंप ने साफ कहा कि मादुरो के लिए पद छोड़ना उनके 'हित में' होगा। इसे एक तरह का अल्टीमेटम माना गया। दिसंबर के अंत तक अमेरिका को लगा कि मादुरो के समर्थन में दबाव नहीं पड़ रही है, इसलिए सैन्य कार्रवाई तय हुई। मौसम और अन्य कारणों से देरी हुई, लेकिन आखिरकार हालात अनुकूल बने।

राजनीतिक विवाद, आरोप

अमेरिका में डेमोक्रेट खासतौर से आरोप लगाया कि ट्रंप सरकार ने संसद से झूठ बोला था। सीनेटर एडी किम ने कहा, बताया गया था कि सत्ता परिवर्तन की योजना नहीं है, लेकिन अब सच सामने आ गया है।

फिर हुआ ऑपरेशन 'एब्सल्यूट रिजॉल्व'

150 से ज्यादा विमान और कई सैन्य अड्डों से उड़ानें भरी गईं।

पूरे ऑपरेशन में अमेरिकी साइबर डॉमेनेशन तकनीक का इस्तेमाल किया गया।

राजधानी कराकास पहुंचने पर US के हेलिकॉप्टर पर फायरिंग हुई, लेकिन मिशन जारी रहा।

मादुरो और उनकी पत्नी ने सरेंडर किया। पहले उन्हें अमेरिकी युद्धपोत पर ले जाया गया, फिर न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में और बाद में न्यू यॉर्क भेजा गया।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 सिक्किम हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस कौन बने हैं?
A. ए. मोहम्मद मुस्ताक B. श्री चंद्रशेखर C. देवेन्द्र कुमार उपाध्याय

2 निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के लिए US ने खास ऑपरेशन चलाया, उसका नाम?
A. एब्सल्यूट रिजॉल्व B. एब्सल्यूट रिजॉल्व C. ऑपरेशन वेनेजुएला

3 केरल में किस नेता के खिलाफ CBI जांच की सिफारिश की गई है?
A. वी.डी. सतीशन B. सुरेश गोपी C. एस. सठनंद

4 प्रियंका गांधी को किस राज्य के चुनाव के लिए स्क्रीनिंग कमिटी की जिम्मेदारी नहीं दी है?
A. असम B. ओडिशा C. तमिलनाडु

5 निकोलस मादुरो को अमेरिका की किस जेल में रखा गया है?
A. ब्रूकलिन जेल B. टेक्सस जेल C. लॉस एंजिलिस जेल

कल के जवाब

A1 A. काकाडू A2 C. KKR A3 B. मौरीस नूर A4 C. तेलंगाना A5 B. बिहार

लकी विनर्स

1. पूनम कंवल, नई दिल्ली
2. रजनी गोरखपुरी, गाजियाबाद
3. आनंद कुमार जैन, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

घटनाक्रम से बदल जाएगा वर्ल्ड ऑर्डर!

पहली बार नहीं, जब साउथ अमेरिका में US की दखलअंदाज़ी दिखी

Alpyu.Singh@timesofindia.com

AP

अर्जेंटीना के Obelisk स्मारक पर वेनेजुएला के लोगों ने जश्न मनाया।

■ **नई दिल्ली:** वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को लेकर दुनिया की अंतरराष्ट्रीय नियमों को लेकर बहस छिड़ी है। ऐसे में ये बात रखने वाली बात है कि नहीं तक दक्षिण अमेरिका की बात है, तो ये पहली बार नहीं है जब इस क्षेत्र में अमेरिकी दखलअंदाजी दिखी है। अब जहां वर्ल्ड ऑर्डर एक या दो देशों पर निर्भर नहीं, ट्रंप का यह कदम पूरा की पुरानी नीतियों से भी आगे की कार्रवाई है।

शीत युद्ध के दौरान, वर्चस्व की लड़ाई में सारथ अमेरिका भी मैदान बना। यहां के देशों में साम्यवादी सरकारों के विरोध में वैकल्पिक विद्रोहों को शह दी गई थी। इसी के चलते 1960 के आखिर तक US और लैटिन अमेरिकी देशों के संबंधों में तनाव दिखा। हाल के दो दशकों की बात करें, जैसे चीन ने अमेरिका को इकॉनमी में लेकर डिप्लोमेसी में टक्कर दी है, वह किसी से छिपा नहीं है। रूस पहले से ही अमेरिका समेत पश्चिम के प्रभुत्व को चुनौती देता रहा है। इस हमले से ट्रंप ने वेनेजुएला के करीबी चीन को संकेत दिए हैं कि वह इन देशों से दूर रहे।

अब US की नजर ईरान की सत्ता पर: एक्सपर्ट

वेनेजुएला के तेल संसाधनों पर अमेरिकी कब्जे का सीधा अर्थ है कि अब उसकी नजरें ईरान में सत्ता बदलाव पर हैं। ऐसे में वेनेजुएला के तेल पर कंट्रोल इस दिशा में मददगार साबित हो सकता है। भविष्य में जब भी ईरान में दखल दिया जाएगा, तो पश्चिम एशिया के तेल की कीमतों में संभावित वृद्धि के मद्देनजर ये कदम अहम साबित होगा। ट्रंप खुद को शांति का दूत बताते हैं लेकिन बावजूद इसके अमेरिका ने इस एक्शन से एक तथ्य प्रमाणित कर दिया है, वह अब भी उतना शक्तिशाली है, जितना वह शीत युद्ध के समय या शीत युद्ध के बाद था। अब ये तय है कि ईरान पर हमला कुछ वक्त की ही बात है। इसके बाद वर्ल्ड ऑर्डर में भी बदलाव आएगा। – *अभिजात्य सिंह, अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार*

देखती रह गई अंतरराष्ट्रीय बिरादरी

ट्रंप अप्रत्याशित फैसलों के लिए जाने जाते हैं। दुनिया के कई देशों पर एकतरफा टैरिफ, दक्षिण अफ्रीका में जी20 का खुलेआम बहिष्कार समेत वो ऐसे कई फैसले ले चुके हैं, जो हाल के वर्षों में दुनिया ने नहीं देखे। वेनेजुएला पर हमले को लेकर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने कुछ हद तक उनकी नीतियों की आलोचना की, लेकिन सूएन जैसी संस्थाओं के ज्यादा असरदार ना होने के बाद वो अमेरिकी दबदबे को लेकर अपने प्रतिद्वंद्वियों को संकेत देने में कामयाब रहे।

ऑपरेशन एब्सल्यूट रिज़ॉल्व ने फिर दिखाई एयर पावर की अहमियत

Absolute Resolve

Poonam.Pandey@timesofindia.com

Agency

वेनेजुएला में अमेरिकी हमले में रिहायशी इमारतों को भी नुकसान पहुंचा।

■ **नई दिल्ली:** अमेरिका सेना ने निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए 'ऑपरेशन एब्सल्यूट रिजॉल्व' चलाया। इसने एक बार फिर किसी भी देश के लिए एयर पावर और एयर डिफेंस की मजबूती की अहमियत दिखाई है। अमेरिकी मिलिट्री ने सबसे पहले वेनेजुएला के एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त किया। पिछले साल पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था, इस ऑपरेशन ने भी यही सीख दी थी कि एयर पावर और एयर डिफेंस कितना जरूरी है। पिछले साल दुनिया भर में जितने भी संघर्ष, लड़ाइयां हुईं है, उनमें सबसे ज्यादा ड्रोन और एयर पावर का इस्तेमाल किया गया। एयर डिफेंस की मजबूती के लिए दुनियाभर में तेजी से काम भी शुरू किया है। अमेरिका गोल्डन डोम पर काम कर रहा है तो भारत 'सुदर्शन चक्र' पर।

ऑपरेशन में 150 से ज्यादा एयरक्राफ्ट शामिल थे।

बॉम्बर से लेकर F-35 तक का इस्तेमाल

इस मिशन को US सेना की डेल्टा फोर्स ने अंजाम दिया और अमेरिका की एयर पावर ने उसका रास्ता साफ किया। ऑपरेशन के बाद अमेरिका ने बताया कि जैसे ही डेल्टा फोर्स कराकास की ओर बढ़ी, एयर कम्पोनेंट ने वेनेजुएला के एयर डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाकर उन्हें निष्क्रिय करना शुरू कर दिया।

सबसे टॉप स्पेशल यूनिट है डेल्टा फोर्स

डेल्टा फोर्स अमेरिकी सेना की सबसे टॉप स्पेशल मिशन यूनिट मानी जाती है। यह बेहद जोखिम भरे मिशनों में एक्सपर्ट है। इसका मुख्य काम आतंकवाद-रोधी अभियान, बंधक बचाव, आतंकियों को पकड़ना और टोही करना है। यूनिट हाई-प्रोफाइल लोगों को सुरक्षा देने में भी ट्रेन्ड है।

मादुरो के साई भक्त होने की कहानी फिर चर्चा में

■ NBT रिपोर्ट

गिरफ्तार किए गए वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को लेकर एक रोचक पहलू सामने आया है। TOI की रिपोर्ट के मुताबिक, मादुरो दिवंगत भारतीय आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साई बाबा के भक्त रहे हैं। वे कैथोलिक परिवार में पले-बढ़े थे, लेकिन उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस के प्रभाव में आकर साई बाबा के अनुयायी बने। साल 2005 में मादुरो और फ्लोरेस भारत आए थे और पुट्टपर्थी में साई बाबा से मुलाकात की थी। उस समय फ्लोरेस पूर्व राष्ट्रपति सुगो चावेज की वकील थीं और मादुरो संसद के स्पीकर थे। बाद में मादुरो विदेश मंत्री बने। साई बाबा के निधन पर वेनेजुएला की संसद ने शोक प्रस्ताव पास किया और एक दिन का राष्ट्रीय शोक भी घोषित किया गया।

राष्ट्रपति कार्यालय में साई बाबा की तस्वीर

मादुरो के राष्ट्रपति कार्यालय में साई बाबा की तस्वीर भी लगी रही है। उनके शासन में साई समादन को वेनेजुएला में काम करने की अनुमति मिली। अब जब मादुरो अमेरिका की कुख्यात जेल में बंद हैं, उनके पुराने अध्यात्मिक विश्वास फिर चर्चा में हैं।

वेनेजुएला मुद्दे पर भारत ने संवाद पर दिया ज़ोर

जताई चिंता, कहा- डायलॉग से हल हो सभी विवाद, दुनियाभर के देशों के अलग-अलग सुर

Alpyu.Singh@timesofindia.com

Surender Kumar

अमेरिकी हमले के विरोध में रविवार को दिल्ली में प्रदर्शन किया गया।

■ **नई दिल्ली:** वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम को लेकर भारत ने मंगलवार को पहली बार प्रतिक्रिया दी है। भारत ने मामले में किसी पक्ष का खुला समर्थन या विरोध करने के बजाय संवाद और शांति पर जोर दिया है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर हालात पर चिंता जताई। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार वेनेजुएला में स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए है। भारत ने वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा और भलाई के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। साथ ही सभी पक्षों से अपील की है कि वे क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए बातचीत और संवाद के जरिये सभी मुद्दों को सुलझाएं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि कराकास में स्थित भारतीय दूतावास वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के लगातार संपर्क में है।

दुनिया की प्रतिक्रिया, समर्थन से विरोध तक: वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई को लेकर वैश्विक स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली है। चीन और रूस ने इस कार्रवाई की खुलकर आलोचना की है। यूरोप में भी अलग-अलग रुख सामने आए हैं। जर्मनी ने अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन पर जोर दिया, वहीं कनाडा ने सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय नियमों का सम्मान करने की अपील की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने पहले तथ्यों को समझने की बात कही, लेकिन बाद में उन्होंने मादुरो को अवैध राष्ट्रपति बताते हुए उनकी सत्ता समाप्त होने पर दुख न जताने की बात कही।

ईरान ने इस कार्रवाई को वेनेजुएला की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का घोर उल्लंघन करार दिया। स्पेन ने दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता की पेशकश की है। यूरोपीय संघ के भीतर भी मतभेद हैं। फ्रांस ने कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ बताया, जबकि इटली ने कहा कि तानाशाही से निपटने के लिए सैन्य हस्तक्षेप समाधान नहीं है, हालांकि इस तरकरी जैसी समाधकों में सीमित दखल सही हो सकता है।

मामले में सतर्क रुख अपना रहा है भारत

भारत भी वेनेजुएला पर अमेरिका की मिलिट्री कार्रवाई को लेकर अभी नजर ही रखना चाहेगा। रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया संकट के दौरान भी भारत ने संवाद पर जोर दिया था। भारत ने बयान में अंतरराष्ट्रीय नियमों के पालन के अलग से जिक्र से परहेज किया है। भारत ने अमेरिका के मिलिट्री ऐक्शन को लेकर कुछ भी सीधे तौर पर नहीं कहा है। घटना के बाद भारत कूटनीतिक उथलपुथल, रूस और चीन समेत दूसरे देशों के अगले कदम और अंतरराष्ट्रीय बिरादरी की गतिविधियों पर नजर रखेगा।

नव भारत की प्रेरणा

NBT GOOD न्यूज़

2

www.nbt.in

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली। एनसीआर। सोमवार, 5 जनवरी 2026

विचार

मुस्कान सिर्फ चेहरे पर नहीं होती, वह आत्मा की गहराई और इंसान की भलमनसाहत को दर्शाती है। सच्ची मुस्कान दिल से निकलती है और दिलों को जोड़ती है।

– मदर टेरेसा

कविता

गुंजाइश

AI Image

किसी से मनमुटाव उठना ही करे।।
ताकि सुलह की गुंजाइश बनी रहे।।
हार कर भी मनोबल बनाये रखे।
ताकि जीत की गुंजाइश बनी रहे।।
दूर-दूर कर बस झांका ही खाओ।
ताकि नींद की गुंजाइश बनी रहे।।
किसी के घर बर-बर मत जाइए।
ताकि प्रेम की गुंजाइश बनी रहे।।
अति बहुत बुरा है, अतिवाद से बचे।
ताकि सरल की गुंजाइश बनी रहे।।
दोहन धरती का ज्ञान ही करिए।
ताकि साँस की गुंजाइश बनी रहे।।

-संजय राजकर, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

उम्मीद का फैक्ट

दुनिया में नंबर-1 भारत का UPI

AI Image

भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) अब सिर्फ देश की नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की सबसे बड़ा रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने इसे लेनदेन के मामले में नंबर-1 माना है।

- आईएमएफ की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई लेनदेन की संख्या के आधार पर दुनिया का सबसे बड़ा रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम है।
- एसैआई वर्ल्डवाइड रिपोर्ट के अनुसार, डेजिटल रियल-टाइम पेमेंट में यूपीआई की हिस्सेदारी 49% है।
- एक साल में यूपीआई से 12,930 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए, जो किसी भी देश की डिजिटल पेमेंट सिस्टम से सबसे ज्यादा है।
- ब्राजील 37.4 अरब लेनदेन के साथ दूसरे, थाईलैंड 20.4 अरब के साथ तीसरे और चीन 17.2 अरब लेनदेन के साथ चौथे नंबर पर है।
- सरकार, आरबीआई और एनपीसीआई मिलकर भीम-यूपीआई इनीटिव योजना, क्यूआर कोड और पीओएस मशीनों के जरिए डिजिटल भुगतान को लगातार मजबूत कर रहे हैं।

आईएमएफ की रिपोर्ट।

कभी पानी से निकाला RDX, कभी साउथ सूडान में बचाई जानें, अब 30 साल से सेहत सुधारने की सेवा में लगे हैं स्कूबा डाइविंग सर्जन

लंदन की चमक छोड़ आदिवासी इलाकों में इलाज का मिशन छेड़ा

Sandip.Dighe@timesofindia.com

■ मुंबई: डॉ. विश्वास स्पाटनेकर पिछले तीन दशकों से पालघर और ठाणे जिले के गरीब और जनजातीय इलाकों के लोगों के लिए सिर्फ डॉक्टर नहीं, बल्कि भरोसे का प्रतीक बन चुके हैं। 78 साल की उम्र में, जब ज्यादातर लोग आराम की जिंदगी चुनते हैं, डॉ स्पाटनेकर आज भी उसी लगन और सादगी के साथ सेवा में जुटे हैं। वह सर्जन, समाजसेवी, स्कूबा डाइवर, शिक्षक और इंसानियत के लिए काम करने वाले डॉक्टिवर हैं।

आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई पूरी करने के बाद डॉ. स्पाटनेकर ने लंदन में मेडिकल प्रैक्टिस की। 1982 में भारत लौटकर ठाणे में अस्पताल शुरू किया, जो आगे चलकर हजारों जरूरतमंदों के इलाज का सहारा बन गया। 1993 में उनकी स्कूबा डाइविंग की ट्रेनिंग ठाणे क्रीक में आतंकियों द्वारा फेंके गए RDX को निकालने के बेहद खतरनाक ऑपरेशन में काम आई। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों की मदद के लिए स्वेच्छा से कदम बढ़ाया। उनके जुड़ने के बाद और डाइवर भी आए और क्रीक से बड़ी मात्रा में RDX सुरक्षित बाहर निकाला गया।

40 साल से डॉ. स्पाटनेकर पढ़ाएपुर वारी के दौरान भी सेवा देते आ रहे हैं। पैदल चलने वाले हजारों लोगों को वह और उनकी टीम मेडिकल मदद पहुंचाते हैं। उनके लिए यह मनभान डिह्रल की सेवा जैसा अनुभव है।

इंसानियत के वॉलंटियर: महाराष्ट्र पालघर और ठाणे के जनजातीय इलाकों में मरीजों का इलाज करते डॉ. विश्वास स्पाटनेकर

कभी दवाइयों से डरते थे जनजातीय लोग

ठाणे और पालघर के जनजातीय इलाकों में उनका काम उनकी सबसे बड़ी पहचान बन गया है। जनजातीय लोग दवाइयों से डरते थे। सबसे पहले लोगों को समझाना, जागरूक करना और भरोसा जीतना पड़ा। धीरे-धीरे यह भरोसा मजबूत हुआ। कई बार खुले आसमान के नीचे, पत्थरों पर बैठकर मरीजों का इलाज किया। पालघर के देवबंद गांव में पेड़ों से सलाइन की बोतलें लटकाकर इलाज किया जाता था। आज उसी गांव एक छोटे क्लिनिक का घर बन गया है।

विदेश जाकर भी गरीब लोगों का किया इलाज

डॉ स्पाटनेकर ने 2014 से 2016 के बीच दो बार साउथ सूडान में डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के स्वयं छह-छह महीने काम किया। हिंसा और अस्थिरता के माहौल में उन्होंने दुनिया के सबसे गरीब मरीजों का इलाज किया। एक बार काम से लौटते समय उनकी गाड़ी को एक विद्रोही गुट ने रोक लिया और भारी फिरौती मांगी। कुछ घंटों बाद डॉ. स्पाटनेकर ने उस गुट के मुखिया से अपनी पहचान बताई और समझाया कि वह उसी देश के गरीब लोगों की सेवा कर रहे हैं। इसके बाद उन्हें जाने दिया गया।

खुशहाली की खेती हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के किसानों ने झींगा पालन से बदली किस्मत

बंजर मिट्टी में खेती की नई बुनियाद, झींगा पालन से किसान हुए आबाद

Srikanta.Tripathy@timesofindia.com

■ रामपुर रो सैकड़ों किलोमीटर दूर बसे हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के गांवों में आज झींगा पालन किसानों की आमदनी की नई कहानी लिख रहा है। जिन खारी और बंजर जमीनों पर कभी गेहूं-बाजरा उगाना मुश्किल था, वहीं अब झींगा तालाब बनाकर किसान लाखों रुपये कमा रहे हैं।

इस बदलाव की शुरुआत 2009 में हरियाणा के रोहतक जिले के लाहली गांव से हुई। वैज्ञानिकों ने खारे पानी में समुद्री झींगे पालने का प्रयोग किया और नतीजे उम्मीद से बेहतर निकले। इसके बाद किसानों को ट्रेनिंग दी गई। आज रोहतक, झज्जर, हिसार, सिरसा और सोनीपत जैसे जिलों में झींगा तालाबों के क्लस्टर बन चुके हैं।

हरियाणा की सफलता देखकर राजस्थान में पीछे नहीं रहा। चुरू जिले के इठसर गांव से शुरू हुई झींगा खेती ने देखते-देखते राजगढ़, तारानगर, सरदारशहर, रतनगढ़ और सालासर तक पैर पसार लिए। विज्ञान रविकांत मैय बताते हैं कि पहले एक हेक्टेयर बाजरे से ₹50 हजार मिलते थे, अब झींगे से करीब 12 लाख रुपये की कमाई हो जाती है। श्रीगंगानगर जैसे नहर वाले इलाकों में भी किसान गेहूं और सरसों छोड़कर झींगे की ओर मुड़ रहे हैं।



राजस्थान के चुरू जिले के चरनावरी गांव में झींगा तालाब

क्यों पसंद आ रहा है झींगा पालन

झींगा पालन का हिसाब सीधा है। चार महीने में एक एकड़ से 3 से 3.5 टन उत्पादन हो जाता है। खर्च निकालने के बाद करीब 8 लाख रुपये तक मुनाफा बचता है, जबकि बाजरा जैसी फसलों से 30-40 हजार रुपये ही मिलते हैं। हालांकि शुरुआत में 10-12 लाख रुपये का खर्च आता है। सरकार सब्सिडी देती है, लेकिन देरी के कारण ज्यादातर किसान अपने दम पर ही शुरुआत करते हैं।

राजस्थान के श्रीगंगानगर में बना एक झींगा फार्म

झींगा उत्पादन

पंजाब भी दौड़ में

पंजाब में झींगा पालन की शुरुआत 2016 में हुई। मलोट, फाजिल्का, मुक्तसर, फरीदकोट, बठिंडा और मनसा जैसे जिलों में इसका विस्तार हुआ। आज पंजाब करीब 2,400 टन झींगा उत्पादन कर रहा है। मत्स्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि खारी जमीन का बड़ा इलाका अभी और इस्तेमाल किया जा सकता है।

चुनौतियां भी कम नहीं

बीमारियों का खतरा, महंगी बिजली और बाजार के उतार-चढ़ाव किसान के लिए बड़ा बने हुए हैं। इस वजह हरियाणा और पंजाब में बीमारी से कई तालाब प्रभावित हुए। राजस्थान में बिजली दरें ज्यादा हैं और झींगा रोती को कृषि के बजाय व्यावसायिक गतिविधि माना जाता है।

आगे की राह

जानकारों का कहना है कि अगर स्थानीय जाच लैब, फीड मिल और सस्ती बिजली की व्यवस्था हो जाए, तो उत्तर भारत झींगा उत्पादन का बड़ा केंद्र बन सकता है। समुद्र से दूर बैठकर झींगा उगाने की यह कहानी अब पूरे उत्तर भारत में नए सपने बो रही है।

मुआवजा दिलाने में करते हैं मदद

हादसा पीड़ितों के ज़ख्मों पर मदद का मलहम

क्या है PMPML हादसा ?

- PMPML हादसा वह दुर्घटना होती है, जिसमें PMPML की बस शामिल हो।
- PMPML का पूरा नाम है पुणे महानगर परिवहन महामंडल लिमिटेड।

Joy.Sengupta@timesofindia.com

■ पुणे: नना पेठ इलाके में रहने वाले 77 वर्षीय नीलकंठ माधव हर दिन अखबार पढ़ते हैं, लेकिन उनके लिए अखबार सिर्फ खबर जानने का जरिया नहीं है। वह खास तौर पर PMPML बसों से जुड़े हादसों की खबरें ढूंढते हैं। जैसे ही किसी दुर्घटना की जानकारी मिलती है, वह सीधे पुलिस थाने पहुंचते हैं, रिपोर्ट देखते हैं और पीड़ितों का पता निकालते हैं। इसके बाद वह खुद पीड़ित या उनके परिवार से मिलते हैं और मुआवजे की पूरी प्रक्रिया आसान भाषा में समझाते हैं। माधवे कहते हैं कि ज्यादातर लोगों को यह पता ही नहीं होता कि PMPML बस हादसे में घायल या मृतक के परिवार को मुआवजा मिलता है। जानकारी न होने की वजह से लोग या तो इलाज का भारी खर्च खुद उठाते हैं या फिर महीनों वकीलों के चक्कर में फंस जाते हैं।

नियमों के मुताबिक, PMPML बस हादसे में घायल व्यक्ति के इलाज के लिए अधिकतम 50 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाता है। यह राशि सीधे अस्पताल को दी जाती है। अगर इलाज का खर्च इससे ज्यादा हो, तो बाकी रकम पीड़ित को खुद देनी पड़ती है। हादसे में मौत होने पर मृतक के परिवार को PMPML की ओर से 2 लाख रुपये का मुआवजा मिलता है।

माधवे बताते हैं कि वह वर्षों तक सार्वजनिक बसों में सफर करते रहे, जिससे उन्हें इस व्यवस्था की जानकारी मिली। उन्होंने इसी जानकारी को सेवा का रूप दे दिया।

PTI

पोंगल का जश्न, लोक कला के रंगों में सराबोर

चेन्नै में पोंगल के त्योहार का जश्न कुछ इस अंदाज में दिखा जैसे शहर ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत-जागृत बना रखा हो। 'वीधी विरुद्धु कित्रा' के मंच पर पारंपरिक नृत्य करते कलाकार के लंबे बाल, चेहरे की चमक और देर रात रंगों का ये जोश पोंगल के त्यौहार पर खुशी की एक नई कहानी सुना रहा है।

धरती पर ले आए हैं सितारों की महफिल

नींद कुर्बान, लाखों खर्च... आकाश को कैमरे में कैद करने का जुनून

Virsen.Savant@timesofindia.com

■ हैदराबाद: आसिर या आकाश में रात्रि रहने वाले लोग हबल या जेम्स वेब टेलीस्कोप की हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीरें इंटरनेट पर बस एक क्लिक में देख लेते हैं। लेकिन हैदराबाद के एस्ट्रोफोटोग्राफरों का समूह इस पैशन को जमीनी स्तर पर जीता है। ये 'एस्ट्रो मीकर्स' खुली-खुली नींद कुर्बान करते हैं, शहरों की तेज रोशनी से जूझते हैं और लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, ताकि करोड़ों प्रकाश वर्ष दूर मौजूद आकाशगंगाओं की तस्वीरें कैद कर सकें।

एस्ट्रोफोटोग्राफी महंगे शौकों में से एक है। एक बेसिक 'स्मार्ट रिग'—टेलीस्कोप, कैमरा, ट्रैकर, ट्राइपॉड और सटीक उपकरण—की कीमत 6–7 लाख रुपये से शुरू होती है। डीप-स्काई इमेजिंग में यह खर्च 50 लाख रुपये तक जा सकता है। अधिकांश उपकरण अमेरिका, ब्रिटेन या चीन से आते हैं, भारी कस्टम ड्यूटी लगती है। आईटी कंपनी के सीटीओ तरेश परवेज मिस्त्री अब तक लगभग 30 लाख रुपये सात टेलीस्कोप और उपकरणों पर खर्च कर चुके हैं।

सितारों की तस्वीरें खींचना पैसे की असली परीक्षा है। डीप स्काई ऑब्जेक्ट्स की शूटिंग से पहले घंटों का सेटअप करना पड़ता है। एक तस्वीर को साफ बनाने के लिए कई रातों में 30 घंटे या उससे ज्यादा का एक्सपोजर लिया जाता है। फोटो-प्रोसेसिंग में कई तस्वीरों को 'स्टैक' कर नॉइज कम किया जाता है और डिटेल उभारी जाती है।

इतना खर्च और मेहनत होने के बावजूद वजह बेहद निजी है। यह अनंत ब्रह्मांड से जुड़ने का एहसास है। स्वेता या सैयद जैसे शौकीन बताते हैं कि असली 'रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट' पैसा नहीं, बल्कि वह पल है, जब किसी दूर की आकाशगंगा की प्रचीन रोशनी उनके सेंसर पर पहली बार गिरती है। यही खुशी उन्हें हर चुनौती झेलने की प्रेरणा देती है।

A. मिल्की वे का नजारा, फोटो: ऊपर फिलीली। B. 650 प्रकाश वर्ष दूर हेलिक्स नेबुला, फोटो: सैयद फिलाख हुसैन । C. एस्ट्रोफोटोग्राफर सुमन रेड्डी

रोशनी और सैटलाइट से जंग

पर्यावरण अक्सर साथ नहीं देता। हैदराबाद जैसे शहर में, जो बॉटल रकेल पर करीब 9 (सबसे ज्यादा लाइट पल्यूशन) पर आता है, तस्वीरें फीकी पड़ जाती हैं। इससे बचने के लिए महंगे फिल्टर (एक लाख रुपये तक) लेने पड़ते हैं या सैकड़ों किलोमीटर दूर 'डार्क स्काई' वाली जगहों पर जाना पड़ता है।

मेरी नजर एक शानदार तस्वीर पर पड़ी। मुझे लगा यह हबल टेलीस्कोप से ली गई है, लेकिन पता चला किसी ने इसे घर के पीछे से क्लिक किया। यहीं से एस्ट्रोनॉमी जुनून बन गई। –संतोश कॉन्सल

एस्ट्रोनॉमी शुरू करने वालों को सलाह है कि दूरबीन, फोन या बेसिक DSLR से शुरू करें और मेहनत करें। AI या टेलीस्कोप की तस्वीरों से उम्मीद करना निराश लाता है। –सैयद फिलाख हुसैन

लंबी बीमारी से भी नहीं डिगे हौसले

70 साल के MLA का साइकल से 700 km का सफर

Hamsaveni.N@timesofindia.com

■ बेंगलुरु: अगर झाठा मजबूत हो तो उम्र और गंभीर बीमारी भी रास्ता नहीं रोक सकती। इस बात को 70 साल की उम्र में राजाजीनगर के विधायक सुरेश कुमार ने सच कर दिखाया है। उन्होंने बेंगलुरु से कन्याकुमारी तक 702 किलोमीटर की लंबी साइकल यात्रा सिर्फ पांच दिनों में पूरी की। कुछ महीने पहले सुरेश कुमार एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल बीमारी चिकन्गुनिया एप्सेरिलोपैथी (CE) से पीड़ित थे। यह बीमारी इतनी गंभीर थी कि वह बिस्तर पर पड़ गए और उनसिया तक हिला नहीं पा रहे थे। लंबे इलाज और रिकवरी के बाद उन्होंने दोबारा साइकल चलाना शुरू किया। उनके लिए यह यात्रा सिर्फ एक लंबी दूरी की साइकलिंग नहीं, बल्कि जीवन में वापसी का प्रतीक थी।

सुरेश कुमार 12 साइकल चलकों के ग्रुप का हिस्सा थे। इस समूह ने 'राजाजीनगर पैडल पावर' के बैनर तले यह यात्रा पूरी की। सफर की शुरुआत 23 दिसंबर को सुबह 4 बजे बेंगलुरु से हुई। पहले दिन टीम ने 157 किलोमीटर, दूसरे दिन 159 किलोमीटर, तीसरे दिन 155 किलोमीटर, चौथे दिन 156 किलोमीटर और पांचवें दिन अंतिम 73 किलोमीटर का सफर तय किया। कुल मिलाकर टीम ने करीब 37 घंटे साइकल चलाई और कन्याकुमारी पहुंची।

'बचपन से ही साइकलिंग रही जिंदगी का हिस्सा'

सुरेश कुमार ने बताया कि बचपन से ही साइकलिंग उनकी जिंदगी का हिस्सा रही है। उबलता के शुरुआती दिनों में भी वह साइकल से हाई कोर्ट जाया करते थे। राजनीति में आने के बाद कुछ समय का ब्रेक जरूर लगा, लेकिन अब उन्होंने नए जोश के साथ साइकलिंग को फिर अपनाया है। विधायक सुरेश कुमार की कहानी दिखाती है कि उम्र और बीमारी हौसले के सामने टिक नहीं पाते।

जर्नी से आत्मविश्वास भी बढ़ा

उन्होंने कहा कि दोबारा साइकल चलाने से उन्हें शारीरिक ताकत और आत्मविश्वास दोनों मिले। उनके साथ साइकिल चलाने वाले प्रसात सदाशिव पाटिल ने बताया कि सुरेश कुमार पूरे सफर में सभी को प्रेरित करते रहे और टीमवर्क की अहमियत भी समझाई। यह यात्रा फिटनेस, रिकवरी और स्वस्थ जीवन का मजबूत संदेश देती है।

माइलस्टोन और मेसेज

सुरेश कुमार को फिर साइकलिंग शुरू करने की प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली। उन्होंने हर विधानसभा क्षेत्र में साइकलिंग को बढ़ावा देने की बात कही थी। इसके बाद से सुरेश कुमार अपने क्षेत्र में साइकिलिंग का ट्रैक बढ़ा रहे हैं। वह अक्सर स्थानीय लोगों के स्वथ साइकल चलाते हैं और सामुदायिक भागीदारी के जरिए फिटनेस को बढ़ावा देते हैं।

साइकिलिंग से शारीरिक रूप से स्वस्थ होने और आत्मविश्वास पाने में मदद मिली है। बेंगलुरु से कन्याकुमारी तक की साइकल यात्रा जीवन का एक बड़ा माइलस्टोन और स्वस्थ जीवन का मजबूत मेसेज है। –सुरेश कुमार, MLA

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 05-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP3 User: cci Time: 01-04-2026 22:25 Color:

TV की तेज़ आवाज़ में दब गई बुज़ुर्ग दंपती की चीखें, CCTV में नज़र आए तीन संदिग्ध

फिलहाल शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने लूटपाट की वजह से हत्या का शक जताया है

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

मानसरोवर पार्क के राम एक्सटेंशन में रहने वाले बुजुर्ग दंपती की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद पुलिस वाले मौके पर पहुंचे। फिर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या की कॉल पुलिस को वीरेन्द्र कुमार बंसल के बेटे वैभव बंसल ने की थी। वीरेन्द्र कुमार बंसल मुलकराज से सेक्शड्रा बागपत के रहने वाले थे। पुलिस के मुताबिक, उनके बेटे वैभव बंसल शनिवार शाम करीब 5 बजे घर से निकलकर चौड़ा स्थित अपने जिम में गए थे। वहां से रात 12:15 बजे वापस घर लौटे तो देखा कि उनकी मां और पिता अलग-अलग कमरे में बिस्तर पर बेहोश पड़े हुए हैं। उसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि वारदात के वक्त पति-पत्नी की आवाज़ किसी भी पड़ोसी को सुनाई नहीं दी। हालांकि पड़ोसियों ने देर रात तक तेज़ आवाज़ में टीवी चलने की बात कही है।

जांच में किसी की घर में जबरन एंट्री नहीं पाई गई है

वहीं एक रिश्तेदार ने बताया कि परवेश बंसल ने जो मंगलसूत्र, अंगूठी और इयररिंग्स पहन रखे थे, वह गायब है। घर में बनी अलमारी काफी मजबूत है। जिसे अरोपी तोड़ने में सफल नहीं हो सके। उन्होंने लूटपाट की वजह से हत्या का शक जताया है। हालांकि घर में बाकी सामान अपनी जगह पर पाया गया है। पुलिस के जांच में भी घर में जबरन एंट्री नहीं पाई गई है। सूत्रों के मुताबिक, वीरेन्द्र बंसल सुद पर पैसे चलाते थे। हालांकि इसकी किसी ने पुष्टि नहीं की है।



1) वारदात के बाद दंपती के घर के बाहर खड़े लोग
2) इसी घर में हुई बुजुर्ग दंपती की हत्या
3) वीरेंद्र कुमार बंसल और प्रवेश बंसल का फाइल फोटो

3 महीने से CCTV खराब

ईस्ट जिला के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 1 बजे मंडावली के शांति मार्ग स्थित गली नंबर एक मकान नंबर 41/ए के चौथे मंजिल पर आग की कॉल मिली थी। इस फ्लैट में 24 वर्षीय अदित्य सिंह रहते हैं। वह नोएडा स्थित एक एमएनसी में काम करते हैं। वह नाइट शिफ्ट के बाद घर आए थे। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस और फायर विभाग के कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके के पर पहुंच गईं। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 2:05 बजे आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि आग बुझाने के दौरान 3 दमकलकर्मी मामूली रूप से झुलस गए। शुरुआती जांच में पता चला है कि हीटर में शॉर्ट सर्किट होने लगा और आग लग गई। इसके बाद कमरे में रखा गैस सिलिंडर भी आग के चपेट में आ गया। पुलिस और फायर विभाग का कहना है कि अब तक किसी तरह की साजिश या फाउल प्ले के सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस ने क्राइम और टेक्निकल टीमों से रिपोर्ट मांगी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मंडावली में आग बुझाते वक्त तीन फायरकर्मी झुलसे

दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें

@NBTDilli

OTP की पार्टी में झगड़ा होने पर पुलिसवालों ने चलाई गोलियां!

Shanker.Singh@timesofindia.com

AI Image

FIR दर्ज

- GTB एनक्लेव इलाके में 270 ग्राम की चेन लूटने का भी दावा, FIR दर्ज
- 31 दिसंबर की रात हुई फायरिंग में खुलासा

■ **नई दिल्ली:** शाहदरा जिला के झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया स्थित लग्जरी क्लब के बाहर 31 दिसंबर की रात हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मौजपुर निवासी मुख्य आरोपी बादल और विकास के साथ नॉर्थ-ईस्ट जिले की एक खास यूनिट में तैनात पुलिस स्टाफ की था, जिन्होंने अपनी सरकारी पिस्टल से भी गोलियां चलाई थीं। दरअसल यहां एक पुलिसकर्मी को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन (OTP) की पार्टी थी, जिसमें बदमाश भी बुलाए गए थे।

एनबीटी ने 3 जनवरी को 'कारोबारी से कासमुनी में क्लब के बाहर फायरिंग' की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। शिकायतकर्ता गाजियाबाद के सिलह गांव निवासी सोनू कसाना ने पुलिस को बताया था कि वह 31 दिसंबर की देर रात करीब 1:30 बजे अपने दोस्तों के साथ नए साल का जश्न मनाने झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया स्थित लग्जरी क्लब आए थे। वहां उनकी कुछ लोगों से कहासुनी हो गई थी।

वह तड़के यानी 1 जनवरी की सुबह करीब 4:15 बजे दोस्तों के साथ क्लब के बाहर निकले तो उन लड़कों ने उन्हें घेर लिया। गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और एक लड़के ने कार का शीशा तोड़ दिया। एक अन्य लड़के ने सीने पर पिस्टल तान दी। तीसरे लड़के ने बचाव करते हुए 270 ग्राम की गोल्ड की चेन लूट ली। इसके बाद उनके साथ के युवकों ने करीब 9-10 राउंड फायरिंग की। चेन लूटने वाले का नाम बादल बताया गया, जबकि एक अन्य बदमाश की पहचान विकास के तौर पर हो गई।

जीटीबी एनक्लेव थाना पुलिस ने 1 जनवरी को ही लूटपाट और आर्म्स एक्ट समेत कई धाराओं में केस कर लिया था। जांच में खुलासा हुआ कि बादल पर पहले से लूटपाट और आर्म्स एक्ट के दो केस दर्ज हैं। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों को फुटेज खंगाली, जिससे अन्य आरोपियों की शिनाख्त नॉर्थ ईस्ट जिले में तैनात पुलिसकर्मियों के तौर पर हुई है। सूत्रों का दावा है कि फायरिंग करने वाले पुलिसवाले भी थे, जिन्होंने सरकारी पिस्टल से फायरिंग की। पुलिस के मौके पर 9 एमएम के खोल मिले हैं, जिससे सरकारी पिस्टल से गोली चलने की पुष्टि हो जाती है।

बदमाशों को बुलाया पार्टी में पुलिस सूत्रों ने बताया कि आगे की जांच में सामने आया एक पुलिसकर्मी को ओटीपी मिला था। इसी खुशी में उसने अपने सहयोगी स्टाफ और एरिया के कुछ बदमाशों को पार्टी में बुलाया था। इसी दौरान सोनू कसाना और उसके दोस्तों से बहस हो गई, जिनके बाहर निकलने पर मारपीट और फायरिंग की गई। शाहदरा जिला पुलिस अब तक इस वारदात में शामिल किसी की पकड़ नहीं हो सकी है।

टैक्सी पलटने से एयरपोर्ट कर्मी हुए घायल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के कैंट इलाके में टैक्सी पलटने से एयरपोर्ट कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान रविंद्र सिंह के रूप में हुई। रोहू की हड्डी में गंभीर चोट होने के कारण उनका लगातार अस्पतालों में इलाज चल रहा था। दो महीने बाद उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपी ड्राइवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग

पुलिस के अनुसार, रविंद्र सिंह परिवार के साथ विकास नगर रेंजरी हरियाणा में रहते हैं। वह दिल्ली एयरपोर्ट पर कार्यरत हैं। शिकायत में उन्होंने बताया कि 3 नवंबर 2025 तड़के 4.40 बजे वह ड्यूटी पर जाने के लिए दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन के पास बस का इंतजार कर रहे थे। काफी देर से बस नहीं आई थी। इसी बीच एक टैक्सी आकर वहां रुकी, जो एयरपोर्ट की ओर जा रही थी। वह एयरपोर्ट जाने के लिए उस टैक्सी में सवार हो गए। ड्राइवर मना करने के बावजूद कार को काफी तेज रफ्तार से चलाने लगा। ड्राइवर ने कार डिवाइडर के ऊपर चढ़ा दी।

नाबालिग के अपहरण का आरोप, FIR दर्ज

■ NBT न्यूज, हापुड़: थाना देहात क्षेत्र के गढ़ रोड स्थित मोहल्ला निवासी किशोरी को पड़ोसी चुराक अगवा कर ले गया। मोहल्ला निवासी महिला ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार को 14 वर्षीय बेटी को मनु अगवा कर ले गया। उन्होंने परिजनों के साथ बेटी को काफी तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद वह परिजनों के साथ थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। एसओ वरुण मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

■ NBT न्यूज, हापुड़: थाना पिलखुवा क्षेत्र में नैशनल हाइवे-9 पर एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। गाजियाबाद के विजयनगर निवासी रूपचंद ने बताया कि उनका बेटा मुकेश कुमार 3 जनवरी को बाइक से हिन्दालपुर जा रहा था। मादर डेयरी के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । सोमवार, 5 जनवरी 2026

संगठन की जिम्मेदारी आदेश से नहीं, बल्कि प्रेरणा से निभाई जाती है।
– ड्वाइट डी. आइज़नहावर, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

बड़ी ज़िम्मेदारी

कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के लिए प्रियंका गांधी को स्क्रीनिंग कमिटी का अध्यक्ष बनाकर पार्टी के भीतर से उठ रही पुरानी मांग को पूरा किया है। नेताओं और कार्यकर्ताओं का एक वर्ग मानता रहा है कि प्रियंका को ज्यादा जिम्मेदारी मिलनी चाहिए और अगर वह जमीनी स्तर पर काम करती हैं, तो पार्टी को ज्यादा फायदा होगा।

असम की अहमियत । असम में इस साल मार्च-अप्रैल में चुनाव हो सकते हैं। यह उन कुछ राज्यों में से एक है, जहां कांग्रेस संगठन अब भी मजबूत है। राज्य में 10 साल पहले तक कांग्रेस की सरकार थी और आज भी मुख्य विपक्षी ताकत वही है। इस साल अप्रैल-मई तक पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के भी विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में प्रियंका को असम की जिम्मेदारी मिलना अहम माना जा रहा है।

प्रियंका गांधी से उम्मीदें

पार्टी का भरोसा । प्रियंका भले नवंबर 2024 में पहली बार वायनाड से उपचुनाव के जरिये लोकसभा में पहुंची हों, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कहीं अधिक है। राहुल गांधी ने जब 2004 में सक्रिय राजनीति में कदम रखा, तो चुनावी प्रचार की कमान प्रियंका ने ही संभाली थी। उनकी तुलना दादी इंदिरा गांधी से की जाती रही है और कांग्रेस के भीतर यह भरोसा है कि वह अगर पूरी तरह सामने आकर जिम्मा संभालें, तो पार्टी फिर से मजबूत हो सकती है।

यूपी से अलग । हालांकि 2019 लोकसभा चुनाव से पहले प्रियंका को यूपी में महासचिव बनाया गया था और पूर्वी यूपी के चुनाव अभियान की जिम्मेदारी उन पर थी, लेकिन पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। लेकिन, एक हकीकत यह भी है कि यूपी में कांग्रेस का संगठन बेहद कमजोर स्थिति में था। प्रियंका ने जोश तो भरा, लेकिन उसे परिणाम में बदलने के लिए उनके पास जमीनी स्तर पर उस तरह का समर्थन मौजूद नहीं था।

समन्वय में मदद । यूपी के मुकाबले असम में कांग्रेस बहुत बेहतर स्थिति में है। स्क्रीनिंग कमिटी का काम होता है उम्मीदवारों के नामों का चयन करना। हालांकि प्रियंका की भूमिका इससे ज्यादा की हो सकती है। असम में भी पार्टी गठबंधन में उतरेगी। बिहार में जिस तरह की गड़बड़ी हुई, नेतृत्व नहीं चाहेगा कि वैसा असम में हो। प्रियंका जैसे कद का नेता होने से असंतोष कम करने और समन्वय बैठाने में मदद मिलेगी। प्रियंका कई मौकों पर साबित कर चुकी हैं कि वह कुशल वक्ता हैं। बंदे मातरम् पर संसद में बहस के दौरान उन्होंने जिस तरह से कांग्रेस का रुख रखा था, उसकी पार्टी के अंदर और बाहर वाहवाही हुई थी। अब पार्टी असम में भी उनसे ऐसे ही कमाल की आशा कर रही है।

मादुरो को यूं हटाने का क्या असर होगा

भारत-रूस-चीन को साथ आना होगा, यही है वेनेज़ुएला प्रकरण का सबक़

आशुतोष शुक्ला

आप सुन रहे होंगे कि अब में अंतरराष्ट्रीय क़ानून की धज्जियां उड़ा दी हैं। ऐसे वेनेज़ुएला का क्या होगा? तो पहले यह सोचिए कि बशर अल असद के बाद सीरिया का क्या हुआ? लीबिया का मुअम्मर गद्दाफी, इराक का सद्दाम हुसैन, विचलनाम का डाइम, पनामा का नोरेगा और ईरान का मोसद्देघ (Mossadegh) के बाद क्या हुआ? इनके तख्ते भी तो अमेरिका ने ही पलटे थे।

अमेरिकी दुष्प्रचार । आपको यह भी बताया जा रहा होगा कि निकोलस मादुरो अच्छे व्यक्ति नहीं हैं। नशे के धंधे में सने थे। नार्को-टेररिज्म के संरक्षक थे। मगर सयाना तो होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति युआन ओरलैंडो हर्नांडेज (Juan Orlando Hernandez) भी हैं, जिन्हें पिछले महीने ही डॉनल्ड ट्रंप ने क्षमादान दिया। हर्नांडेज को अमेरिकी कोर्ट ने 45 साल की सज़ा सुनाई थी। उन पर 400 टन कोकेन लाने का आरोप था।

ट्रंप की मनमानी । क्या वेनेज़ुएला से अमेरिका को खतरा था? क्या पकड़े जाने के कुछ घंटे पहले तक मादुरो ट्रंप के सामने गिड़गिड़ा नहीं रहे थे कि वह समझौता चाहते हैं। क्या अमेरिकी कांग्रेस ने इस खतरे को सही मानकर ट्रंप को अनुमति दी? क्या UN ने इसका अनुमोदन किया?

ईरान का पहलू । ट्रंप स्पष्ट कर चुके हैं कि वेनेज़ुएला को अस्थायी रूप से अमेरिका कलाएगा। दुनिया में वेनेज़ुएला से ज्यादा तेल किसी और मुल्क के पास नहीं है। अब यह अमेरिका का हो चुका है। इससे चीन के सीने पे सांप लोट रहा है क्योंकि वेनेज़ुएला का सबसे बड़ा तेल का ग्राहक चीन ही है। ईरान की तो रातों की नींद ही उड़ गई होगी। क्या अगला नंबर उसका है? वेनेज़ुएला पर यह कार्रवाई इसलिए भी हुई है कि अगर ईरान होरमुज (Hormuz) खाड़ी वाला समुद्री मार्ग बंद करता है तो अमेरिका पर फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि दुनिया में सबसे अधिक तेल भंडार वाला देश अब उसके नियंत्रण में है।

सवाल जो तय करेंगे आगे का घटनाक्रम

- ट्रंप की लिस्ट में अगला नंबर क्या ईरान का है?
- वेनेज़ुएला की सेना का रुख किस ओर रहता है?
- चीन और रूस के जवाबी कदम पर टिकी है निगाहें

सेना किसके साथ । अब सवाल है कि क्या अमेरिका से वेनेज़ुएला संभलेगा? अफ़ग़ानिस्तान तो उससे संभला नहीं। वेनेज़ुएला का भूगोल भी सपाट नहीं है। गुरिल्ला युद्ध लंबा खिंच सकता है। देखना यह भी होगा कि वेनेज़ुएला की सेना किस तरफ़ झुकती है।

भारत पर नजर । भारत का वेनेज़ुएला से ज्यादा नाता पिछले एक-दो दशक से नहीं रहा है। मगर ऐसे छोटे मुल्कों और ग्लोबल साउथ, जिसके मुखिया बनने का सपना भारत देख रहा है, उनकी नजर हमारे अगले कदम पर होगी। अमेरिका ने वेनेज़ुएला को लेकर रूस ने यही किया। चीन ने जब अमेरिकी टैरिफ के जवाब में जब रेयर अर्थ की सप्लाई बंद करने की धमकी दी तो ट्रंप रास्ते पर आए। भारत 50% टैरिफ झेल रहा है, इसके बावजूद अमेरिका के साथ सीटे की बातचीत चल रही है। मुश्किल ये है कि तीनों देशों के लिए अमेरिका से अलग-थलग होना आसान नहीं है। मगर ब्रिक्स में शामिल इन तीनों देशों को तय करना पड़ेगा कि कल दुनिया में एक महाशक्ति की चले या वह बहुध्रुवीय हो। संगठित होने में ही उनका भला है।

(लेखक नियो-पॉलिटिकल एक्सपर्ट हैं)

आमने-सामने

अंतरराष्ट्रीय क़ानूनों को अगर शी और पूतिन ने ताक पर रखा तब क्या होगा

अमिताभ सिंह

डॉनल्ड ट्रंप ने वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का अपहरण कर दुनिया को फिर चौंकाया है। यूं तो वेनेज़ुएला में अमेरिकी दखलंदाज़ी महीनों पहले शुरू हो गई थी। मगर जिस तेज़ी से मादुरो को हटाया गया, उसकी कल्पना शायद ही किसी ने की होगी। इस पूरे घटनाक्रम से अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ सन्न हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के चीफ एंतेनियो गुटेरेस की प्रवक्ता स्टेफनी डु जैरिक ने कहा, 'वेनेज़ुएला में जो हुआ है, उससे एक ख़तरनाक चलन शुरू हो सकता है।'

सबसे बड़ा तेल भंडार । मादुरो को हटाना दक्षिण अमेरिका के लिए निर्णायक घटना है। वेनेज़ुएला एक बड़ा मुल्क है। वह इस क्षेत्र की सियासत में प्रभाव रखता है। दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार भी वही है, सऊदी अरब से कहीं ज्यादा। इसी वजह से अमेरिका ने यह एक्शन उठाया है। भले ट्रंप कुछ भी बहाना बनाएं। भले वह आरोप लगाएं कि मादुरो 'ड्रग कार्टेल' के मुखिया हैं और उनके देश से अमेरिका में नशीली दवाओं की बड़े पैमाने पर तस्करी होती है।

एडमुन्डो या मरिया । वेनेज़ुएला के लिए आज सबसे बड़ा सवाल है कि मादुरो के बाद वहां सत्ता किसके पास होगी? यूं तो ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका उसे 'चलाएगा,' लेकिन वास्तविक तस्वीर अभी सामने नहीं आई है। ट्रंप ने यह भी नहीं बताया कि मादुरो की जगह कौन लेगा। एडमुन्डो गोंज़ालेज़ या मरिया कोरीना मचादो? मरिया नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित हैं। मादुरो के खिलाफ पिछले चुनाव में पहले प्रत्याशी वही थीं, लेकिन उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई थी।

ख़राब रेकॉर्ड । दक्षिण अमेरिका में इससे पहले 1989 में जॉर्ज बुश ने पनामा के तानाशाह शासक मैनुएल नोरिएगा को पकड़ने के लिए फौज भेजी थी। इतिहास यह भी बताता है कि अक्सर ऐसे अभियान उल्टे पड़ते हैं। दक्षिण अमेरिका में अमेरिका ने पहले जब भी सैन्य दखल दिया, वह ज़ख्मी ही हुआ। चाहे 1964 में 'Bay of Pigs' हो या 1954 में CIA के समर्थन से ग्वाटेमाला में लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को गिराना। अमेरिका की ऐसी कारस्तानियों से दक्षिण अमेरिका ने दशकों तक गृह युद्ध और अस्थिरता देखी।

उलटा पड़ा था दांव । 1964 में अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी ने क्यूबा के नेता फिदेल कास्त्रो के तख्तापलट की कोशिश की थी, जिसमें वह नाकाम रहे। उनकी इसी गलती के कारण 1973 में क्यूबन मिसाइल क्राइसिस खड़ा हुआ। फिर 1973 में अमेरिका के समर्थन से चिली में राष्ट्रपति सल्वाडोर अलेंदे हटाए गए। इससे तानाशाह ऑगस्तो पिनोशे सत्ता में आए, जिन्होंने 17 साल तक वहां क्रूर तरीके से राज किया। जहां तक वेनेज़ुएला की बात है तो 2002 में अमेरिका ने ह्यूगो शावेज को सत्ता से हटाने की कोशिश की थी। मगर यह दांव उल्टा पड़ गया था।

अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्ते में

- अमेरिकी कार्रवाई को संयुक्त राष्ट्र का समर्थन नहीं
- अतीत में उलटे पड़ चुके हैं US के ऐसे कुछ कदम
- ताइवान को लेकर बढ़ सकती है चीन की आक्रामकता

क़ानून का मज़ाक । इस बार अमेरिका ने और ख़तरनाक खेल खेला है। ट्रंप ने जो किया है, वैसा ही अगर चीन और रूस अपने दुश्मनों के विरुद्ध करें तो क्या होगा? ऐसी हरकतें अंतरराष्ट्रीय क़ानूनों का मज़ाक बनाती हैं। जॉर्ज बुश ने जब इराक़ पर हमला किया था तो उसे अंतरराष्ट्रीय क़ानूनों के लिए बड़ा झटका माना गया था, जबकि तब अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का समर्थन हासिल करने की कोशिश की थी। इस बार तो ट्रंप और उनकी टीम ने इसकी जहमत तक नहीं उठाई। न ही अपनी संसद की अनुमति ली।

ट्रंप ने तोड़ा वादा । दूसरी बार सत्ता में आए डॉनल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान अंतहीन युद्धों का सिलसिला खत्म करने की बात कही थी। मगर वेनेज़ुएला में उन्होंने ये वादे तोड़ दिए हैं। बहरहाल, आगे अमेरिका का विरोध दुनिया में किस हद तक बढ़ता है, वह इस पर निर्भर करेगा कि उसका अगला कदम क्या होता है।

(लेखक JNU के स्कूल ऑफ इंटरनैशनल स्टडीज़ में असोसिएट प्रफ़ेसर हैं)

नश्तर

सब्ज़ी और सियासत

पड़ोस वाली भाभीजी सब्जी वाले पर नाराज हो रही थीं, 'कल जो गोभी दे गए थे, उसमें कीड़ा निकला था।' सब्जी वाला एक नंबर का मसखरा था। बोला, 'भाभीजी गोभी में कीड़ा ही छुप सकता है, तो वही निकलेगा। बड़ा जानवर तो नहीं ही निकलेगा।' भाभीजी गुस्से से आग-बबूला होतीं कि वह फिर बोला, 'यह इस बात का सबूत है कि मेरी लाई सब्जियों में कीटनाशक नहीं पड़ते। गोबर की खाद में कीड़े होते हैं, कहा गया होगा गोभी में।'

सौरभ श्रीवास्तव

वह तेला टेलकर मेरे दरवाजे लाया तो सब्जियां छांटते हुए मैंने उससे कहा, 'बात बनानी खूब जानते हो, चुनाव क्यों नहीं लड़ लेते?' बोला, 'साहब सब्जी बेचता हूं, चाय नहीं।' 'चाय बेचने वाला नेता बन सकता है तो सब्जीवाला क्यों नहीं?', मैंने पूछा। वह बोला, 'साहेब चाय पर चर्चा हो सकती है, सब्जी पर नहीं। बिना चर्चा के कोई नेता कैसे बनेगा?' मुझे जवाब नहीं सूझा तो मैंने तेले से नारंगी रंग वाली गाजर उठाई और भाव पूछ लिया। वह मुस्कुराते हुए बोला, 'महंगी हो गई है। बजट पर हाथ रखा तो बोला, हरी सब्जियां सस्ती हैं आज-कल।'

मैंने आंख तरेरते हुए कहा, 'सस्ती तो नारंगी गाजर भी है।' उसके इशारे मुझे समझ आ रहे थे। मैंने कहा, 'नेता तो तुम कब के हो गुरु। रंग के आधार पर भेदभाव करना सीख गए हो।'

सब्जी वाले ने मेरा मुआयना किया और बोला, 'आप लेखक हैं ना?' मैंने हां में सिर हिलाया। वह बोला, 'सोजन तो दोनों सब्जियों का है पर नारंगी गाजर की सप्लाई कम है। इस वजह से महंगी है। लाल रंग वाली गाजर ले लीजिए, बहुत सस्ती है।' उसने 'लाल रंग' पर और 'सस्ती' पर ज्यादा जोर देते हुए कहा और खीसें निपोर दीं। मैंने खेलने की कोशिश की। 'देखो... सब्जी किसी भी रंग की हो, चुनिंदा मैं उसे हाथ से और तुम भी तौलकर हाथ से ही दोगे।' इसके बाद दोनों ठठाकर हंसे। मैंने शुक्र मनाया, मैं ही ग्राहक था और वह सब्जीवाला, इसलिए डील हो गई वरना मारपीट हो सकती थी।

एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

मैं हूं तुम्हारा बेटा

एक बार प्रसिद्ध क्रांतिकारी यतींद्रनाथ गर्मी की तपती दोपहरी में कलकत्ता की एक सड़क से गुजर रहे थे। अचानक भीड़ देखकर वह आगे बढ़े और दृश्य देखकर ठिठक गए। एक वृद्ध महिला सड़क पर गिर पड़ी थी। वह अपना बोझ उठाने में असमर्थ थी। आसपास खड़े लोग सहानुभूति जता रहे थे, पर मदद के लिए कोई आगे नहीं आया था। यतींद्रनाथ ने तुरंत उस महिला को सहारा देकर उठाया और उनका बोझ अपने कंधे पर ले लिया। फिर वह स्नेह से बोले, 'चलो मां, घर चलते हैं।'



जब वे उनके घर पहुंचे, तो यतींद्रनाथ ने पूछा, 'क्या आपका कोई नहीं है?' यह सुनते ही महिला फूट-फूटकर रो पड़ी। उन्होंने बताया कि उनका एकमात्र बेटा महामारी में चल बसा। यतींद्रनाथ ने कहा, 'मां, तुम्हारा बेटा अभी जीवित है। मैं हूं तुम्हारा बेटा।' उन्होंने उस महिला के चरण छुए और कुछ रुपये देते हुए कहा कि अब तुम्हें कोई परेशानी नहीं होगी, बोझ ढोने की जरूरत नहीं। यतींद्रनाथ ने जीवनभर अपना वचन निभाया। जब तक वह वृद्धा जीवित रही, उन्होंने उनका भरण-पोषण किया। यह प्रसंग सिखाता है कि सच्ची क्रांति केवल नारों से नहीं, बल्कि करुणा, सेवा और जिम्मेदारी के भाव से जन्म लेती है।

गिरकर भी फ़ायदे में रहा बाज़ार

टैरिफ़, वैश्विक अनिश्चितता, पाकिस्तान से तनाव और रुपये में कमज़ोरी के बीच भी पिछले एक साल में भारतीय शेयर बाज़ार ने संतुलित प्रदर्शन किया। सेंसेक्स में 9% और निफ़्टी में 11% की तेज़ी आई। बाज़ार में निवेश करने वाले 16% बढ़े।



30.20 लाख करोड़ बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

6,713.19 अंक साल भर में चढ़ा सेंसेक्स

2,386.7 अंक पूरे साल में मज़बूत हुई निफ़्टी

बेटा Window

33 लाख करोड़ बढ़ा BSE लिस्टेड कंपनियों का MCAP

1.6 लाख करोड़ रुपये विदेशी निवेशकों ने निकाले

365 IPO लॉन्च हुए एक साल में

106 IPO मेनबोर्ड पर लिस्ट हुए

259 IPO SME प्लैटफ़ॉर्म पर आए

2 लाख करोड़ IPO से जुटाए

80.8 लाख करोड़ के हुए MF

सेंसेक्स सबसे नीचे
71,425.01
अंक 7 अप्रैल को

सेंसेक्स सबसे ऊपर
86,159.02
अंक 1 दिसंबर को

हमने कैपिटलिज़म की क्या क़ीमत चुकाई

मृत्युंजय राय

आज जब पारंपरिक पूंजीवाद (कैपिटलिज़म) के खत्म होने के दावे किए जा रहे हैं, प्रोफ़ेसर अर्थशास्त्री, राजनेता और पूर्व वित्त मंत्री रहे यानिस वरौफाकिस जैसे एक्सपर्टस टेक्नोफ्यूडलिज़म के दौर की बात कर रहे हैं, ऐसे में इसके इतिहास पर नजर डालना दिलचस्प होगा।

व्यापारियों का नेटवर्क । 'Capitalism: A Global History' में स्वेन बेकर्ट (Sven Beckert) रोडस को इसी रोमांचक यात्रा पर ले जाते हैं। वह लिखते हैं कि किस तरह कैपिटलिज़म व्यापारियों के नेटवर्क से शुरू हुआ और समूची दुनिया में फैलता गया। इसे किस तरह से सत्ता का संरक्षण मिला। बंधुआ-जबरिया मजदूरी से कैसे इसका विस्तार हुआ। फिर किस तरह से औद्योगिक क्रांति ने इसकी रफ्तार कई गुना तेज कर दी।

पॉलिटिकल प्रोजेक्ट । स्वेन की किताब की अच्छी बात है कि वह कैपिटलिज़म के अच्छे-खराब पहलुओं से वाकिफ करती है। वह बताते हैं कि दुनिया में कई पॉलिटिक वर्टलाव को इसने जन्म दिया, लेकिन यह हिंसा और आर्थिक असमानता का जरिया भी बना। स्वेन पूंजीवाद की गलतफहमियों को भी दूर करते हैं। वह लिखते हैं कि इसमें नैचरल मार्केट की जो तस्वीर पेश की जाती है, वह किस तरह से झूठी है। स्वेन दावा करते हैं कि असल में कैपिटलिज़म एक पॉलिटिकल प्रोजेक्ट रहा है, जिसने समूची दुनिया को बदला है।

व्यापारिक शहर । इस किताब में एक सदी की कहानी बयां की गई है। इसकी शुरुआत प्राचीन व्यापारिक समुदायों से होती है, जो कहिरा, मध्य एशिया और चीन के व्यापारिक शहरों में बसे हुए थे। फिर मध्ययुग ने इसमें जो भूमिका निभाई, उसका भी जिक्र है। किताब के आखिर में स्वेन ने 21वीं सदी के ग्लोबल वैड्रस की बात की है और सप्लाई चेन में आ रही दिक्कतों का जिक्र किया है।

प्लांटेशन इकॉनमी । स्वेन लिखते हैं कि कैपिटलिज़म का जन्म एक जगह नहीं हुआ। इसने दुरदराज के व्यापारिक केंद्रों, उपनिवेशों और प्लांटेशंस में अपना रूप गढ़ा। वह बताते हैं कि कैसे पूंजी के जाल ने इन सबको जोड़ा। शुरुआती मर्केंट कैपिटलिज़म और फाइनैंशल इनोवेशन के बारे में वह लिखते हैं कि किस तरह से बंधुआ-जबरिया मजदूरी की प्लांटेशन इकॉनमी (जैसे, कैरेबियाई द्वीप समूह के कई देशों, मॉरीशस, फिजी आदि) में भूमिका रही।

विचार विंडो


AI Image

कैपिटलिज़म का स्वर्णयुग । साम्राज्यों के दौर ने कैपिटलिज़म को किस तरह से प्रभावित किया। आज के पूंजीवाद को वह मैनेज्ड (प्रबंधित) बताते हैं। वह लिखते हैं कि आज हम कैपिटलिज़म का स्वर्णयुग देख रहे हैं। उन्होंने पूंजीवाद के अलग-अलग चरणों को समझाने के लिए कई उदाहरण भी किताब में दिए हैं। इसमें कैरेबियाई देशों के उन द्वीपों के बारे में बताया गया है, जहां बड़े पैमाने पर गन्ने की खेती कर चीनी बनाई जाने लगी। इसमें अमेरिका के डेट्रॉइट (ऑटो इंडस्ट्री के लिए कभी मशहूर रहे) के फैक्ट्री फ्लोर्स का भी जिक्र है। दक्षिणपूर्व एशिया में आज जो गारमेंट बिजनेस चल रहा है, उसका उदाहरण भी मिलता है।

औद्योगिक क्रांति । स्वेन लिखते हैं कि मॉडर्न कैपिटलिज़म की हमेशा सत्ता ने मदद की है, भले ही उसका रूप लोकतांत्रिक हो या निरंकुश। इस सिलसिले में वह ग्रीन्टी राइट्स, निवेशकों के हितों की रक्षा और कभी-कभार श्रमिकों को दबाने के लिए सत्ता के इस्तेमाल का जिक्र करते हैं। वह लिखते हैं कि गुलामों, उपनिवेशों का इस्तेमाल और स्थानीय लोगों को हटाकर उनकी जमीन हथियाकर पूंजी इकट्ठा की गई, जिससे औद्योगिक क्रांति का रास्ता बना।

आलोचकों की राय । इस किताब के केंद्र में यह बात है कि कैपिटलिज़म शुरू से ही सत्ता केंद्रित प्रोजेक्ट रहा। यह दमन का जरिया बना और इसने समाज में आर्थिक असमानता बढ़ाई। इस किताब के आलोचकों का कहना है कि स्वेन ने कैपिटलिज़म की ग्रोथ, इनोवेशन और लिविंग स्टैंडर्ड में सुधार जैसे फलुओं पर बहुत जोर नहीं दिया है। उनका ध्यान इसकी खामियों पर ही रहा है। फिर भी, यह किताब इस विषय और इसकी लंबी यात्रा को समझने के लिए काफी काम की हो सकती है।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

'थोड़ा और' के लालच से शुरू होता है पतन

संजय तेवतिया

मानव जीवन में सद्गुण और अवगुण - दोनों साथ-साथ चलते हैं। यह पूरी तरह हमारे ऊपर निर्भर करता है कि हम किस दिशा में आगे बढ़ते हैं। इन्हीं अवगुणों में से एक है लालच, जो मनुष्य को धीरे-धीरे भीतर से खोखला करता चला जाता है।

लालच आरंभ में छोटा और साधारण लगता है, लेकिन समय के साथ यह गहरा और व्यापक होकर व्यक्ति के चरित्र, विचार और कर्म पर पूरी तरह हावी हो जाता है। इसकी सबसे खतरनाक विशेषता है कि यह कभी तृप्त नहीं होता। जैसे आग में घी डालने से वह और भड़कती है, वैसे ही मनुष्य जितना लोभ को पोषित करता है, वह उतना ही बढ़ता जाता है। व्यक्ति सोचता है- 'थोड़ा और मिल जाए, तो संतोष हो जाएगा', लेकिन यह 'थोड़ा और' जीवनभर पीछा नहीं छोड़ता। यहीं से पतन की शुरुआत होती है।

लोभ केवल धन या भौतिक वस्तुओं तक सीमित नहीं है। यह मान-सम्मान, शक्ति, पद, प्रशंसा और इच्छाओं के अनेक रूपों में प्रकट होता है। आध्यात्मिक दृष्टि से लालच वह अवस्था है, जहां मनुष्य अपने पास जो है, उसमें संतोष नहीं पाता और बाहरी वस्तुओं में सुख खोजने लगता है। जबकि सच्चा आनंद वस्तुओं में नहीं, बल्कि मन की शांति और संतोष में निहित है। जब मनुष्य यह सत्य भूल जाता है, तब लालसा उसका विवेक ढकने लगती है।

लालच का एक और रूप है - भय। जितना अधिक मनुष्य पाता है, उतना ही खोने का डर उसे सताने लगता है। यह भय उसकी शांति, सहजता और संतुलन छीन लेता है।

आज का अंक: ₹ 10/15/20 महाशिवरात्रि सुविधा | विशेष छपाई के लिए संपर्क करें: 9810700000 | सर्कुलेशन हेल्पलाइन: 1800-103-1111 (टोल फ्री) | सदस्यता शुल्क: मासिक ₹ 250, त्रैमासिक ₹ 700, छमाही ₹ 1400, वार्षिक ₹ 2800 | डिजिटल सदस्यता: ₹ 199/माह | विज्ञापन हेतु संपर्क: 011-23456789, 23456790 | मुख्य कार्यालय: 7, एफ.सी.आई. एस्टेट, पटपड़गंज, दिल्ली-110092 | ई-मेल: letters@nbt.co.in | वेबसाइट: www.navbharattimes.com | प्रकाशक: राजीव मेहरोत्रा | मुद्रक: प्रिंटवेल प्रा. लि., प्लॉट नं. 5, सेक्टर 63, नोएडा, उत्तर प्रदेश | संपादक: अनुराग त्रिपाठी | © नवभारत टाइम्स। सर्वाधिकार सुरक्षित। बिना अनुमति के इस सामग्री का पुनर्प्रकाशन, प्रतिलिपि या वितरण वर्जित है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 05-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP7 User: vivek.tyagi Time: 01-04-2026 22:27 Color:

ग्रामीण विकास मंत्रालय
भारत सरकार

गांव-गांव तक पक्की सड़क, पक्के इरादे

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बीते साढ़े 11 वर्षों में करीब 1.47 लाख स्कूल, 83 हज़ार हॉस्पिटल और 1.39 लाख कृषि केंद्र और 3.28 लाख परिवहन संसाधन सड़क नेटवर्क से जुड़े

ग्रामीण विकास से राष्ट्र निर्माण

CBC 35101/13/0047/2526

25 साल

फटाफट खबरें

जस्टिस मुश्ताक बने सिक्किम HC के CJ

■ भाषा, गंगटोक: जस्टिस ए. मोहम्मद मुश्ताक ने रविवार को सिक्किम हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। जस्टिस मुश्ताक सिक्किम हाई कोर्ट के 24वें चीफ जस्टिस बने। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग अपने मंत्रिपरिषद और सीनियर अधिकारियों के साथ इस मौके पर मौजूद रहे। जस्टिस मुश्ताक ने जस्टिस विश्वनाथ सोमादर की जगह ली, जो हाल में रिटायर हुए हैं।

'बेल्लारी केस CID को देने पर विचार'

■ भाषा, बेंगलुरु: कर्नाटक सरकार बेल्लारी में हुई हिंसक झड़प की जांच अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंपने पर विचार कर रही है। गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि विधायक नारा भरत रेड्डी और जी जनार्दन रेड्डी के समर्थकों के बीच बैनर को लेकर झड़प हुई, जिसमें कांग्रेस के कार्यकर्ता की मौत हो गई। गोली किस बंदूक से चली, यह फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट तय करेगी।

'सिस्टम की नाकामी से इंदौर में हुई मौतें'

■ पीटीआई, इंदौर: इंदौर में गंदे पानी से कई लोगों की मौत पर फेमस जल संरक्षण ऐक्सपर्ट राजेंद्र सिंह ने चिंता जताई है। उन्होंने इसे सिस्टम की बनाई हुई आपदा बताया और कहा कि इसके पीछे गहरी भ्रष्टाचार की समस्या है। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता राजेंद्र सिंह ने कहा कि अगर देश के सबसे साफ शहर इंदौर में ऐसा हो सकता है, तो बाकी शहरों की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

IRCTC केस में आज सुनवाई संभव

■ भाषा, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट IRCTC घोटाला मामले में आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव की याचिका पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है। याचिका में लालू, उनकी पत्नी राबड़ी, तेजस्वी यादव सहित 11 अन्य के खिलाफ आरोप तय किए जाने संबंधित विशेष अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री ने इस आदेश को हाल में चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का रुख किया था।

अंकिता केस में CBI जांच की मांग

देहरादून से दिल्ली तक बड़े पैमाने पर प्रदर्शन, 11 को उत्तराखंड बंद का ऐलान

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

अंकिता भंडारी केस में 'बीआईपी' का नाम सामने आने के बाद न्याय की मांग ने नए सिरे से तूल पकड़ा। सामाजिक संगठनों और कांग्रेस ने रविवार को कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग को लेकर बड़े स्तर पर प्रदर्शन हुआ। कार्यकर्ताओं ने देहरादून में मुख्यमंत्री आवास तक जाने की कोशिश की। इधर दिल्ली के जंतर मंतर पर भी मामले में न्याय की मांग पर प्रदर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। इस मुद्दे को लेकर 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद का ऐलान किया गया है। इसके अलावा आने वाले दिनों में मशाल जुलूस और प्रदर्शन का सिलसिला भी जारी रहेगा।

कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड में बीजेपी सरकार पर हत्याकांड में कथित तौर पर शामिल नेताओं को बचाने की कोशिश का आरोप लगाया। इस मामले में सबूतों को नष्ट करने वालों पर भी कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन में कांग्रेस, उत्तराखंड क्रांति दल, सीपीआई, बेरोजगार संघ, उत्तराखंड मूल निवास भू कानून संघर्ष समिति, राष्ट्रवादी रोजगार पार्टी, गढ़वाल सभा महिला मंच और अलग-अलग सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग शामिल हुए। हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी रविवार को देहरादून के परेड ग्राउंड में इकट्ठे हुए। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास कूच कर रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रास्ते में बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया।

हजारों लोग रविवार को देहरादून के परेड ग्राउंड में जुटे और न्याय की मांग वाली।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने देहरादून में मुख्यमंत्री आवास तक जाने की कोशिश की।

उत्तराखंड BJP अध्यक्ष को दिखाए काले झंडे

प्रदर्शनकारी और कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार को घेरते हुए कोटद्वार पहुंचे। वहां उन्होंने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट वाले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज कराया। विरोध देख पुलिस बल ने स्थिति को संभाला। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बीजेपी के पूर्व विधायक की पत्नी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में प्रदेश अध्यक्ष का भी नाम लिया है।

जंतर-मंतर पर भी जुटे सैकड़ों लोग

Sunil Kumar

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर जंतर-मंतर पर रविवार को भी प्रदर्शन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोग जुटे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक परिवार की नहीं, बल्कि हर बेटी के सम्मान और न्याय की है। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मौलिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। लोगों ने हत्याकांड में शामिल सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि राज्य सरकार प्रभावशाली लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है और जांच को प्रभावित किया जा रहा है।

2022 का है मामला

अंकिता भंडारी (19) उत्ताखरा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करती थी। 18 सितंबर 2022 को वह अचानक लापता हो गई। कुछ दिनों बाद उनका शव चिला कैनाल से बरामद हुआ। रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य और दो कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट ने उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। उन्हें हत्या, सबूत मिटाने और अन्य गंभीर आरोपों के तहत सजा मिली। कोर्ट ने अंकिता के परिवार को मुआवजा भी देने का आदेश दिया। हाल में अंकिता केस में सोशल मीडिया और कुछ विडियो/ऑडियो क्लिप की वजह से 'वीआईपी' का नाम सुर्खियों में आया। हालांकि पुलिस ने ऐसे किसी शख्स की भूमिका से इनकार किया है। उर्मिला सनावर नाम की महिला ने ये क्लिप शेयर किए थे, जिनमें एक शख्स को 'मुट्ठ' नाम से बताया गया। इसके बाद बड़े नेता यानी 'VIP' का नाम सामने आया। आरोप लगा कि 'VIP' बीजेपी का एक सीनियर नेता है।

फ्लाइट में पावर बैंक सिर्फ हैंड बैग में ले जा सकेंगे

FILE

■ NBT रिपोर्ट

फ्लाइट में चार्ज करने वाले यात्रियों के लिए पावर बैंक से जुड़े नियम सख्त कर दिए गए हैं। अब विमान के अंदर पावर बैंक से मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चार्ज करना मना कर दिया गया है। इसके अलावा, सीट में लगे पावर सॉकेट से पावर बैंक को चार्ज करने की भी अनुमति नहीं होगी। पावर बैंक और अतिरिक्त बैटरियां केवल हैंडबैग में रखने की इजाजत होगी। इन्हें ओवरहेड बिन में रखने पर भी रोक लग दी गई है।

TOI के अनुसार, यह फैसला उड़ान के दौरान लिथियम बैटरियों में आग लगने की घटनाओं पर हुआ। हाल ही में इंडिगो फ्लाइट में आग की घटना के बाद इस पर विचार किया गया। विमानन महानिदेशालय (DGCA) ने यात्रियों और क्रू द्वारा ले जाए जाने वाले लिथियम बैटरी वाले उपकरणों से होने वाले खतरे को कम करने के लिए 'डेंजरस गूड्स एडवाइजरी सर्कुलर' जारी किया है।

DGCA ने एयरलाइनों को निर्देश दिया कि वे फ्लाइट के दौरान इन नए नियमों की घोषणा करें। नियमों के अनुसार, अगर किसी भी डिब्बाइस से गर्मी, धुआं या अजीब गंध आती है, तो यात्री को तुरंत केबिन क्रू को जानकारी देनी होगी। एयरलाइनों को लिथियम बैटरी से जुड़ी हर सुरक्षा घटना की रिपोर्ट तुरंत DGCA को देनी होगी। विमानन विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अब "एक यात्री, एक हैंडबैग" के नियम को सख्ती से लागू करना जरूरी है। अक्सर ओवरहेड बिन भर जाने पर एयरलाइंस यात्रियों के हैंडबैग गेट पर लेकर विमान के बेगेज होल्ड में रख देते हैं।

लिथियम बैटरी में आग लगने की घटनाओं पर हुआ फैसला

जम्मू-कश्मीर में VPN पर रोक

AI Image

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

- जांच की जा रही है कि इनमें से किस ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और तुर्किए समेत अन्य देशों में बात करने के लिए वीपीएन का इस्तेमाल किया।
- कश्मीर के सभी जिलों में वीपीएन पर रोक पूरी तरह लागू है। जम्मू में अभी कुछ ही जिलों में रोक लगाई गई है।

■ **नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर में कश्मीर के सभी जिलों और जम्मू के कुछ जिलों में स्थानीय प्रशासन ने लोगों पर वीपीएन एप्लीकेशन इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। कुछ दिन पहले किए गए इस ऐलान के बाद से लगातार ऐसे कई मामले जम्मू-कश्मीर पुलिस के सामने आ रहे हैं। नहां कुछ स्थानीय कश्मीरियों ने वीपीएन का इस्तेमाल किया है। इस तरह के मामलों में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ऐसे ही 700 से अधिक सस्पेक्टेड लोगों की लिस्ट तैयार की है। जिन्होंने वीपीएन पर रोक लगाए जाने के बाद भी इसका इस्तेमाल किया।

जांच की जा रही है कि क्या इनमें से किसी ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और तुर्किए समेत कौन-कौन से देशों से बात करने के लिए वीपीएन का इस्तेमाल किया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वीपीएन पर लगे पहले 29 दिसंबर से अलग-अलग जिलों के हिसाब से अलग-अलग दिन प्रतिबंध लगने शुरू किए गए। मौजूदा समय में कश्मीर के सभी जिलों में वीपीएन इस्तेमाल पर रोक है। जम्मू में अभी कुछ ही जिलों में यह रोक लगाई गई है। इसके बारे में लोगों को लगातार बताया भी जा रहा है कि यह किसी भी सूरत में एक-दूसरे से बातचीत या अन्य किसी संचार के लिए वीपीएन एप्लीकेशन का इस्तेमाल ना करें।

VPN से आतंकी तार का शक: यह इसलिए जरूरी हो रहा है क्योंकि, शक है कि कुछ स्थानीय लोग अपनी पहचान छिपाते हुए वीपीएन का इस्तेमाल देश के खिलाफ कर सकते हैं। इनमें घुसपैठ कर चुके कुछ पाकिस्तानी आतंकी भी शामिल हो सकते हैं।

केरल में विपक्ष के नेता पर CBI जांच कराएगी सरकार

■ आईएनएस, तिरुवनंतपुरम: केरल सरकार ने विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की है। केरल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे तीखी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

सतीशन पर 2018 की बाद के बाद परवूर विधानसभा क्षेत्र में लागू किए गए पुनर्वास प्रोजेक्ट में विदेशी फंड में कथित गड़बड़ियों से जुड़ा है मामला

पुनर्वास प्रोजेक्ट में विदेशी फंड में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। विजिलेंस और ऐंटी-करप्शन ब्यूरो ने एक साल पहले सुझाव दिया था कि केस दर्ज करने के लिए पहली नजर में कोई मामला नहीं बनता है, लेकिन विदेशी फंड जुटाने और उसके इस्तेमाल के मुद्दे की जांच सीबीआई कर सकती है।

कांग्रेस को ग्राम, काम और राम से परेशानी: चौहान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कृषि मंत्री ने कल- मनरेगा भ्रष्टाचार का दूसरा नाम बन गई थी।

कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को वहां कहा कि विकसित भारत-G RAM G योजना पर कांग्रेस लोगों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस जिस मनरेगा बचाओ संग्राम की बात कर रही है, वह 'भ्रष्टाचार बचाओ संग्राम है'। चौहान ने कहा कि मनरेगा भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई थी और मोदी सरकार ने जो योजना तैयार की है, इसमें मजदूरों, किसानों और गांवों के हित सुरक्षित रहेंगे।

चौहान के बारे में जनता को सचाई बताने के लिए बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन जल्द एक कार्यक्रम की घोषणा करेंगे। चौहान ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि लोकसभा में कांग्रेस ने अपनी सारी बातें कहीं, लेकिन मेरी आवाज दबाने की कोशिश की गई।

थाइलैंड में भारतीय टूरिस्ट की पिटाई

■ NBT रिपोर्ट: थाईलैंड में ट्रांसजेंडर्स ने एक भारतीय टूरिस्ट को बुरी तरह पीटा। जानकारी के अनुसार, पैसों को लेकर विवाद होने के बाद मामला और बढ़ गया। TOI के अनुसार, मामला 27 दिसंबर का है। घटना का एक विडियो भी वायरल है। टूरिस्ट की उम्र 52 साल बताई जा रही है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहां मौजूद एक शख्स ने बताया, टूरिस्ट और ट्रांस सेक्स वर्कर के बीच पैसों को लेकर बहस हुई। कुछ देर बाद उन्होंने अपने दोस्तों को बुला लिया और टूरिस्ट की पिटाई कर दी। थाई अधिकारियों ने कहा, टूरिस्ट के पूरी तरह ठीक होने के बाद शिकायत करने को कहा जाएगा, इसके बाद मामले की जांच की जाएगी।

ओडिशा में अवैध खदान में पत्थर गिरा, दो की जान गई



अवैध खदान की पट्टा अवधि दिसंबर 2025 में समाप्त हो गई थी।

भाषा, भुवनेश्वर: ओडिशा के ढेंकनाल जिले में पत्थर की एक अवैध खदान में चट्टान गिरने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार शाम को उस समय की है जब कुछ मजदूर पत्थरों की खुदाई और उन्हें निकालने का काम कर रहे थे। जिलाधिकारी आशीष ईश्वर पाटिल ने कहा, खदान में विस्फोट की अनुमति सितंबर में समाप्त हो चुकी थी, जबकि खदान की पट्टा अवधि दिसंबर 2025 में समाप्त हो गई थी।

Raymond upto 60% off

Extra fine Wool, Silk, Linen & Cotton Fabrics

FESTIVAL & WEDDING COLLECTION

SHIRTS • TROUSERS • BLAZERS
SUITS & ETHNIC WEAR

BY ECONOMY SALES
(M): 9212758425

Raymond | PARK AVENUE | ColorPlus | parx | ARROW

• PUNCHKUIAN ROAD,Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pilazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA , Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

कैलास जीवन

मल्टिपर्पज आयुर्वेदिक क्रीम

छह दशकों की परंपरा

एड़ियोंका फटना

पाँव धोकर, कुछ देर तक गुनगुने पानी में रखिए, नरम बनने के बाद मुलायम सूती कपड़े से सुखाएँ. फटी एड़ियों पर कैलास जीवन थीसे लगाएँ. मलना नहीं. कैलास जीवन त्वचामें घुल जाएगा और फटी एड़ियों पर असर करेगा. एड़ियों और पाँव की त्वचा साफ, मुलायम बन जाएगी.

कील-मुहाँसे

चेहरा गुनगुने पानीसे सेकने के बाद धोकर नरम मुलायम सूती कपड़ेसे सुखाकर कैलास जीवन हल्के हाथोंसे चेहरेपर लगाइए. कील-मुहाँसों की तकलीफ से राहत मिलेगी. चेहरा साफ, कांतिमानहोकर निखर आएगा.

आँखों की जलन

गुनगुने पानीसे चेहरा और आँखें साफ कीजिए. रात को सोते समय कैलास जीवन आँखों की पलकों पर हलकासा लेप लगाकर कई की पट्टी रखिए. आँखों की जलन से आराम पाइए और शान्त एवम् गहरी निद्रा का अनुभव लिजिए.

बवासीर / फिशर्स

एक चम्मच कैलास जीवन में उतनी ही मात्रा पीसी शक्कर मिला कर रोज रात (२४ दिनों तक) सेवन किजिए तथा प्रतिदिन २-३ बार उस जगह पर लगाइए. बवासीर, फिशर्स से राहत मिलेगी. परहेज आवश्यक.

एड़ियों का फटना, मुहाँसे, हाथ पाँव और आँखों की जलन, मुँह के छाले, कटना, जलना, झुलसना, डायपर-नॅपी रॅश आदि के लिए गुणकारी.

विकार अनेक, इलाज एक... आज ही खरीदिए.

Also available on
amazon Flipkart netmeds.com

Available in: 20g Tube, 30g, 60g, 120g, 230g Bottle

Manufacturer: ASUM, Pune. 020-24486865 | Customer Care: Prashant: 91300 26070
asumkj@gmail.com | www.asum.com

Distributor: Delhi: Gopal Stores: 9810524934, Noida: Ajay Medical: 0120-2527981
Seelampur: Agarwal Ayurvedic: 9711251291, Saraswati Vihar: Saraswati Ayu: 27058720
Motinagar: Ishar Dass & Sons: 9313519596, Con. Circle: Nath: 9899441605,
Gaziabad - Vaishali: Shri Krishna Ayurved: 9873603747
Khan Market: Preet Medicos: 9899659582, Gurgaon: Vashishth Medical: 9873321179
Faridabad: Laxmi Ayurvedic: 9810083760
Also Available at Chandni Chowk, Bhagirath Palace, Khari Baoli.

सार्वजनिक सूचना

यह सार्वजनिक सूचना आम जनता की जानकारी के लिए है कि हमारे मुवक्किल ने **सेक्टर 86, गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित मेसर्स इंटरनेशनल ग्रीन स्क्वेप्रा लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स इंटरनेशनल ड्वायर्स लिमिटेड) ("ऊक्त स्वामी")** के स्वामित्व वाली निम्नलिखित सम्मिहित भूमि के संबंध में एक अनुबंध में प्रवेश कर रहे हैं: (i) आवंटन क्रमांक (i) Rectangle No- 28/6/2 (3-4), 7 (8-0), 8/1 (4-0), 8/2/1 (2-17), 8/2/2 (0-2), 9 (7-15), 10/1 (6-15), 11 (2-18), 12 (8-0), 13/1 (4-0), 13/2 (4-0), 14/1 (4-0), 15/2/1 (2-12), 16/1 (7-0), 17/1 (3-12), 17/2/1 (0-16), 17/2/2 (3-12),18/1 (4-0), 18/2 (4-0), 19 (8-16), 22 (2-2), 23/1 (4-0), 23/2 (4-0), 24/1 (4-8), 24/2 (3-12), 25/1 (7-0), 26 (1-5); और Rectangle No- 33/3 (6-4), 4/1 (4-0), 5/1/1 (6-0), 6/2/2 (2-10), 7/4 (4-0), 8 (2-8), 14/2 (5-0), 15/1 (7-0), 16/1/1 (1-7), 17 (0-18), गांव नवादा करोरपुर, तहसील और जिला गुरुग्राम, हरियाणा; और (ii) Rectangle No- 3/2/4/4 (1-11), 5 (0-14), 6/1 (2-0), 6/2/1 (1-19), गांव नाहरपुर केरन, तहसील मानेसर, जिला गुरुग्राम, हरियाणा ("ऊक्त भूमि")

यदि कोई व्यक्ति द्वारा उक्त स्वामी या उक्त भूमि या उसके किसी भाग के विरुद्ध या उसके संबंध में किसी भी तरीके से कोई दावा, हित, अधिकार, हक, शीर्षक, मांग, संपदा हित का दावा करना या रखना, जिसमें बिक्री, उपहार, विनिमय, विक्रय अनुबंध, शेयर खरीद अनुबंध, उक्त भूमि में हिस्सेदारी सहित अधिकार या हित, बंधक, गिरवी, किराये पर देना, पट्टा, किरायेदारी, सहमालिकाना भार, दृष्टिबंधक, रखरखाव, लाइसेंस, कब्जा, आंशिक कब्जा, सुखभोग्यअधिकार शामिल हैं या उक्त भूमि या उसके किसी भाग को हस्तांतरित करने या उक्त भूमि में लाभकारी हित के हस्तांतरण या किसी अन्य सम्झौते या व्यवस्था के संबंध में मूल अधिकार विलेख, ट्रस्ट, वसीयत, असाइनमेंट या प्रतिभूति दावा रखने वाले, उक्त भूमि या उसके किसी भाग को हस्तांतरित करने या उक्त भूमि में लाभकारी हित के हस्तांतरण या किसी अन्य सम्झौते या व्यवस्था के संबंध में, जिसका प्रभाव उनको उक्त में या पूर्वोक्त में से किसी या किसी अन्य निपटान या किसी डिक्री, आदेश या पंचाट के तहत अधिकार प्रदान करने या निहित करने का हो, या किसी भी तरह से दावा करने वाले से अपेक्षित है कि वे अपने दावों, हितों, अधिकारों, हकों, शीर्षक या मांगों का समर्थन करने वाले सभी दस्तावेजों के साथ इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 (चौदह) दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि ऐसे दावेदारों ने उक्त भूमि में और उक्त मालिक के खिलाफ अपने दावों और मांगों को त्याग दिया है या माफ कर दिया है और इस पर कोई दावा या मांग मौजूद नहीं है और उक्त मालिक उक्त भूमि और उसके प्रत्येक भाग के साथ उस तरीके से व्यवहार करने के लिए स्वतंत्र है, जैसा वे उचित समझें।

आशीष वरसा
KKL PARTNERS
P-3, South Extension - 2, New Delhi – 110049, India
M: +91-9899282553 E: aashish@kklpartners.in

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग
मुनि माया राम मार्ग, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
सचिवालय शाखा

भर्ती सूचना

कला महाविद्यालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के प्राचार्य के पद को वेतन मैट्रिक्स में स्तर 14 पर प्रवेश वेतन रुपये 1,44,200/- और 6,750/- प्रति माह रुपये के विशेष भत्ते के साथ प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि अनुबंध सहित) पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पात्रता मानदंड (शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आदि) और आवेदन पत्र (अनुबंध- 1) प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार की वेबसाइट यानी https://tte.delhi.gov.in पर उपलब्ध हैं।

पात्र अभ्यर्थी के आवेदन सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उप निदेशक (एस. बी.), प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार, मुनि माया राम मार्ग, पीतमपुरा, दिल्ली - 110034 को "रोजगार समाचार" में इस मद के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर उचित माध्यम से पहुंचना चाहिए।

DIP/Shabdarth/Classified/0391/25-26

(अंजलि सहरावत, भा. प्र. से.)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 05-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP8 User: cci Time: 01-04-2026 21:34 Color:

भारत की आत्मशक्ति का दिव्य रूप है सोमनाथ

1000 साल पहले जनवरी 1026 में महमूद गज़नवी ने किया था इस मंदिर पर पहला आक्रमण

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आस्था का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है, 'सौराष्ट्रे सोमनाथं च...' यानी ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सम्पन्नता और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है:

'सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं
मृत स्वर्गं समाश्नुयेत्॥'

अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती है, वे पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है।

विदेशी हमलों का निशाना : दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है, क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में महमूद गजनवी ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सम्पत्ति के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था।

सोमनाथ मंदिर पर हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनर्निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 साल पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण संपन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे।

1026 में सोमनाथ पर हुए पहले विदेशी आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में किंतार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये पीड़ा दुख है, जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है। हम कल्पना कर सकते है कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर

साल 1026 के बाद समय-समय पर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक, सोमनाथ मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनर्निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 साल पूरे होने का भी वर्ष है।

का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था, जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे।

सोमनाथ मंदिर पर हमले और गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज भी यहां विश्वास के साथ और गर्व से कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत मता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है। 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने अगले चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन, हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं, जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया। और हर बार पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खून को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया।

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भक्ति को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं के भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में वे सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले ख़त्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है।

ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें।

ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें।

1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, जो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नै में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपने भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। वे आपको किसी भी संस्कृत में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे। इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्जन्मण हुआ है। वे बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा।'

ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दिज्जाती के समय उनकी सोमनाथ यात्र हुई। उस यात्र के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका संपन्न राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक हताहित नहीं थे। वे नहीं चाहते थे कि मानवीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन, राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया।

सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रबलों रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक 'सोमनाथ, द आइन इटरनल', अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जैसा कि मुंशी ने की पुस्तक के शीर्षक से स्पष्ट होता है, हम एक ऐसी सभ्यता हैं, जो आत्म और विचारों की अमरता में अटूट विश्वास रखती है। हम विश्वास करते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। सोमनाथ मंदिर का भौतिक ढांचा नष्ट हो गया, लेकिन उसकी चेतना अमर रही।

इन्हीं विचारों ने हमें हर कालखंड में, हर परिस्थिति में फिर से उठ खड़े होने, मनहूस बनने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य दिया है। इसी मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। जो हमारे इनेक्टिव युवाओं में निवेश करना चाहती है। हमारी कला, हमारी संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। योग और आयुर्वेद जैसे विषय पूरी दुनिया में प्रभाव डाल रहे हैं। ये स्वास्थ्य जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। आज कई वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। अगले कुछ से सोमनाथ जीवन के हर क्षेत्र के लोगों को जोड़ता आया है। सदियों पहले जैन परंपरा के आदरणीय मुनि वलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्राचार्य यहां आए थे और कहा जाता है कि प्रार्थना के बाद उन्होंने कहा था...

'भवबीजांकुरजनना रागाद्याः
क्षयमुपगता यस्य।

अर्थात, उस परम तत्व को नमन जिसमें सांसारिक बंधनों के बीज नष्ट हो चुके हैं। जिसमें राग और सभी विकार शांत से गए हैं। आज भी सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन से ऐसी ही अनुभूति होती है। मन में एक उहराव आ जाता है, आत्म को अंदर तक कुछ स्पर्श करता है, जो अलौकिक है, अलक्ष्य है। 1026 के पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद 2026 में भी सोमनाथ का समुद्र उसी तीव्रता से गर्जना करता है और तट को स्पर्श करती लहरें उसकी पुरी गथ सुनती हैं। उन लहरों की तरह सोमनाथ बार-बार उठता रहा है।

आशा का अनंत नाद: अतीत के आक्रमणकारी आज समय की धूल बन चुके हैं। उनका नाम अब विध्वंस के प्रतीक के तौर पर लिया जाता है। इतिहास के पन्नों में वे केवल पूरतोड़ हैं, जबकि सोमनाथ ज्योतिर्लिंग आज भी अपनी आशा बिखेरता हुआ प्रकाशमान खड़ा है। सोमनाथ हमें ये बताता है कि घृणा और कट्टरता में विनाश की विकृत ताकत हो सकती है, लेकिन आस्था में सृजन की शक्ति होती है। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ आज भी आशा का अनंत नाद है। ये विश्वास का वो स्वर है, जो टूटने के बाद भी उठने की प्रेरणा देता है।

अगर हजार साल पहले खंडित हुआ सोमनाथ मंदिर अपने पूरे वैभव के साथ फिर से खड़ा हो सकता है, तो हम हजार साल पहले का समृद्ध भारत भी बना सकते हैं। आइए, इसी प्रेरणा के साथ हम आगे बढ़ते हैं। एक नए संकल्प के साथ, एक विकसित भारत के निर्माण के लिए। एक ऐसा भारत, जिसका सम्पन्नतम ज्ञान हमें विश्व कल्याण के लिए प्रयास करते रहने की प्रेरणा देते है।

जय सोमनाथ!

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।)

गृहमंत्री ने कहा- तमिलनाडु और बंगाल में NDA जीतेगी

अमित शाह ने रविवार को तमिलनाडु में बीजेपी की रैली को किया संबोधित।

■ भाषा, पुडुकोट्टई (तमिलनाडु)

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि इस वर्ष तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) विजयी होगा।

बीजेपी की एक विशाल रैली को यहां संबोधित करते हुए शाह ने 2024 में बीजेपी-एनडीए की जीतों का ब्योरा दिया, जिसमें हरियाणा में लगातार तीसरी जीत भी शामिल है। शाह ने कहा कि अब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की बारी है। सत्तारूढ़ दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (DMK) पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उन्होंने पूछा कि क्या राज्य भ्रष्ट मंत्रियों की फौज के साथ प्रगति कर सकता है?

उन्होंने डीएमके पर परिवारवाद का आरोप लगाया और कहा कि इसे कायम रखने का सपना पूरा नहीं होगा और तमिलनाडु में परिवारवाद की राजनीति को खत्म करने का समय आ गया है।

> **परिवारवाद को कायम रखने का सपना पूरा नहीं होगा। तमिलनाडु में परिवारवाद की राजनीति को खत्म करने का समय आ गया है।**
> - अमित शाह, गृहमंत्री

असम के लिए प्रियंका को स्क्रीनिंग कमिटी की कमान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रियंका गांधी को पहली बार स्क्रीनिंग कमिटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कांग्रेस ने 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत बड़ी संगठनात्मक कवायद करते हुए असम के लिए स्क्रीनिंग कमिटी का गठन किया है। पार्टी ने इस मुश्किल मने ना रहे राज्य में चुनावी रणनीति को धार देने के लिए वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को स्क्रीनिंग कमिटी का चेयरपर्सन बनाया है। यह फैसला इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि प्रियंका गांधी को पहली बार पार्टी ने स्क्रीनिंग कमिटी की जिम्मेदारी सौंपी है।

इसके अलावा कांग्रेस ने केरल के लिए मधुसूदन मिस्त्री, तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए चरिक नेता दीपा सिंह देव और पश्चिम बंगाल के लिए बीके हरिप्रसाद को स्क्रीनिंग कमिटी का चेयरमैन बनाया है।

असम में पिछले करीब 10 साल से बीजेपी की सरकार है। पार्टी के युवा सांसद गौरव गोगोई पहले से ही असम में आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। अब प्रियंका गांधी वाड्रा के सक्रिय रूप से चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से कांग्रेस के अभियान को नई धार मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

> **कांग्रेस ने केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और बंगाल के लिए भी बनाई है स्क्रीनिंग कमिटी।**

NBT कम्युनिटी कनेक्ट

वजीराबाद के सूर घाट पर मनेगा उत्तरैणी-मकरैणी

ब्रह्म मुहूर्त स्नान, यमुना आरती और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का होगा आयोजन

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

मकर संक्रांति पूं जे देश भर में मनाई जाती है, मगर उत्तराखंडी समाज में इस पर्व को विशेष रूप से सामूहिक आयोजन के रूप में भव्य तरीके से मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन ब्रह्म मुहूर्त अर्थात सुबह 4 बजे पवित्र नदी तटों पर स्नान करने वाले भक्तों को सौ दिन की पूजा के बराबर पुण्य फल प्राप्त होता है। पिछले चौदह साल से इसी परंपरा को कायम रखे हुए है दिल्ली की श्रीगुरु माणिकनाथ सर्वजन कल्याण सेवा संस्था। दिल्ली की श्रीगुरु माणिकनाथ सर्वजन कल्याण सेवा संस्था हर साल की तरह इस बार भी मकरैणी उत्तरैणी स्नान मेला वजीराबाद के सूर घाट में करने जा रही है। यह मेले का 14वां वर्ष है। आयोजन से जुड़े लक्ष्मण सिंह भंडारी बताते हैं कि इस साल 13-14 जनवरी को कार्यक्रम होगा।

13 जनवरी की शाम 6.30 बजे यमुना-आरती से कार्यक्रम शुरू होगा। इसके बाद रात 8.30 पर रात्रि भोज के बाद उत्तराखंड से आए ढोल और दमाऊं संग मंडाण, रात्रि जागर, देवताओं की चार प्रहर की नौबत बजाई जाएगी। अगले दिन 14 जनवरी को ब्रह्म मुहूर्त में देव जागर धुपाल, यमुना पूजन होगा। इसी के साथ स्नान प्रातः 4 बजे से शुरू हो जाएगा। स्नान के बाद प्रातः 6 बजे से आधार संप्तपूका कोटनाला के सान्निध्य में श्रद्धालु अपने इष्ट, कुल व पित्र देवताओं के स्मरण के साथ यज्ञ आहुतियां डाल सकेंगे।

इसके बाद श्रीगुरु महाराज के दरबार में देव दर्शन, तिलक व रोट प्रसाद का वेग ग्रहण किया जा सकेगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए शिवढ़ी प्रसाद बनवा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली एनसीआर से भी रहीं महिला शक्ति कौशिन मंडलियां भजन प्रस्तुतियां देंगी। इस बार कार्यक्रम में लोकगायक मुकेश कठैत, दिनेश कैन्तुरा और अंकिता थपलियाल भी सांस्कृतिक गीतों की प्रस्तुति देंगे।

मिलता है पुण्य फल

- मान्यता है कि इस दिन ब्रह्म मूहूर्त पर पवित्र नदी तटों पर स्नान करने वाले भक्तों को सौ दिन की पूजा के बराबर पुण्य फल प्राप्त होता है
- इस साल 13-14 जनवरी को कार्यक्रम होगा

मयूर विहार और आरके पुरम में इस वीकेंड होगा महाकौथिग शरदोत्सव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: लोकपर्व मकरैणी-उत्तरैणी से पहले उत्तराखंडी संस्थाएं अपने-अपने स्तर पर मेले (कौथिग) और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं। इसके पुरम उत्तराखंड सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मंडल आगामी 10 और 11 जनवरी को आरके पुरम के सेक्टर 12 स्थित मेट्रल पार्क में महाकौथिग शरदोत्सव का आयोजन करने जा रहा है। दोनों की दिन उत्तराखंडी लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक होंगी।

मयूर विहार फेज 3 में रेड फॉक्स पार्क में आगामी 9 जनवरी से 11 जनवरी तक घुघूती फाउंडेशन गढ़वाल क्रीड़ एवं सांस्कृतिक समिति के साथ मिलकर राज्योत्सव नाम से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इसमें कई बड़े लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां रहेंगी जिनमें गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी, इंदर आर्या, सौरभ मैठाणी, रोहित चौहान जैसे कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

हिमाचल के हुनर और उद्यम का महापर्व

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन। 'हिम MSME फेस्ट 2026' का आयोजन शिमला के पीटरहॉफ और आसपास के क्षेत्रों में 4 जनवरी से 7 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में राज्य भर के छोटे और मझोले उद्यमी अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे है। फेस्ट में कुल्लू की शॉल, चंबा के रुमाल और कांगड़ा पेंटिंग के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी उपकरणों के 200 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। यहां आने वाले दर्शक न केवल खरीदारी कर सकते है, बल्कि हिमाचल की समृद्ध विरासत को करीब से देख भी रहे है।

महाराजा अग्रसेन की 'शाही' सालगिरह का होगा भव्य जश्न

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

- दिल्ली अग्रोहा विकास ट्रस्ट द्वारा दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में होगा आयोजन
- इस समारोह में अग्रवाल समाज की तमाम संस्थाएं और शख्सियत शामिल होंगी

दिल्ली में पहली बार महाराजा अग्रसेन और महारानी माधवी के विवाह की सालगिरह धूमधाम से मनाने की तैयारियां की जा रही है। यह आयोजन दिल्ली अग्रोहा विकास ट्रस्ट द्वारा दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इसमें अग्रवाल समाज की तमाम संस्थाएं और शख्सियत शामिल होंगी।

ट्रस्ट के चेयरमैन नंद किशोर अग्रवाल और अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश गर्ग ने बताया कि यह आयोजन वसंत पंचमी की पूर्व संध्या यानी 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। चूंकि, महाराजी उस वक्त नागलोक कहलाए जाने वाले नॉर्थ-ईस्ट के मणिपुर और त्रिपुरा से तालुक्क रखते है। महारानी माधवी नागलोक के राजा नागराज महीधर की पुत्री थी।

अध्यक्ष बीपी गर्ग ने बताया कि ऐसे में योजना बनाई जा रही है कि दिल्ली में मणिपुर और त्रिपुरा हाउस से नागलोक की राजकुमारी माधवी के रूप में वैश्य समाज की कलाकारा की डोली को विदा कराकर यहां शाह ऑडिटोरियम में लाया जाए। जहां फिर महाराजा अग्रसेन जी महाराज और महारानी माधवी जी की शादी की सालगिरह को धूमधाम से मनाया जाए। गर्ग ने बताया कि दिल्ली ही नहीं बल्कि देश में ऐसा आयोजन पहली बार किया जा रहा है। जब वैश्य समाज के महाराजा अग्रसेन जी की शादी की सालगिरह को पहली बार इतने धूमधाम तरीके से मनाया जाएगा।

इसके लिए जो भी कलाकार महाराज अग्रसेन जी और महारानी माधवी की भूमिका निभाएंगे। वह सब वैश्य समाज से ताल्लुक रखने वाले होंगे। इनके अलावा भी अन्य तमाम कलाकार वैश्य समाज से ही होंगे।

दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें
@NBTDilli

मैथिली अकादमी पर लगा ताला, उठी विरोध की गूंज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मैथिली अकादमी में पूर्व की तरह काम की मांग को लेकर विद्यापति सेवा संस्थान ने शनिवार को दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त कार्यालय के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। रविवार को चेतना समिति ने भी पटना में उपाध्यक्ष उमेश मिश्र और सचिव जयदेव मिश्र की अगुवाई में एक-दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया, जबकि अखिल भारतीय मिथिला संघ ने दिल्ली में प्रदर्शन करने की बात कही है।

दरभंगा में प्रो. अयोध्या नाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित धरना-प्रदर्शन में विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव बैद्यनाथ चौधरी बैनू, मैथिली अकादमी

दरभंगा में हुआ प्रदर्शन, दिल्ली में विरोध करने की तैयारी

के पूर्व अध्यक्ष कमलाकांत झा, मणिकांत झा, विनोद मिश्र, बैद्यनाथ चादव, उदय शंकर मिश्र, हरिशंकर हरित, चंद्रशेखर झा बूढ़ा भाई, राम शुभग चौधरी, परमानंद झा, गणेश कांत झा, श्याम किशोर राम, महानंद ठाकुर, देवेंद्र चौधरी, राम लला चौधरी, पंकज कुमार ठाकुर, दीपक कुमार झा, संतोष कुमार झा आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। संस्थान के महासचिव बैद्यनाथ चौधरी बैनू ने कहा कि ये अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

मिथिला संघ के अध्यक्ष का इस्तीफा, महासचिव पहले ही छोड़ चुके हैं पद

Roushan Jha
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अखिल भारतीय मिथिला संघ के अध्यक्ष विजयचंद्र झा ने बीते मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना यह इस्तीफा 27 और 28 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के बाद ठंडे कुछ सवालों के बाद संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों को भेज दिया। 76 वर्षीय झा ने अपनी बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य का हवाला देते हुए इस्तीफे की घोषणा की। हालांकि उन्होंने यह भी ही लिखा कि वह छह महीने पूर्व ही लिखित में अपना इस्तीफा सौंप चुके थे, लेकिन

उम्र और स्वास्थ्य का हवाला देते हुए इस्तीफे की बात कही

पूर्व केंद्रीय मंत्री ललित नारायण मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई।

पदाधिकारियों ने इसे अस्वीकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि इस बार वह अपना इस्तीफा वापस नहीं लेंगे।

पिछले लगातार 13 साल से अध्यक्ष पद पर काबिल विजयचंद्र झा से पहले संस्था के महासचिव विद्यानंद ठाकुर भी करीब दो साल पहले इस्तीफा दे चुके हैं। हालांकि उनका इस्तीफा भी अब तक मंजूर नहीं किया गया है। जनिवार को संगम विहार स्थित मिथिला भवन में पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष के इस्तीफे पर संक्षिप्त चर्चा हुई।

संस्था के महासचिव दीएन झा ने बताया कि इस बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सात फरवरी को कार्यकारिणी और आठ फरवरी को राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाई गई है। बिहार के तीन बार मुख्यमंत्री रहे जगन्नाथ मिश्र के बेटे संजीव मिश्र ने दो दिवसीय कार्यक्रम के बाद सोशल मीडिया पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने लिखा कि कार्यक्रम के दौरान मैथिल व्यक्तित्वों को सम्मान दिया गया, लेकिन मिथिला क्षेत्र से तीन बार मुख्यमंत्री रहे मिश्र का नाम तक नहीं लिया गया।

NBT खेल
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर।
सोमवार, 5 जनवरी 2026
www.khel.nbt.in

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच अच्छी दिख रही है। यहां टेस्ट मैच की जैसी शुरुआत हुई है उसको देखकर लग रहा है कि हम पूरे पांच दिनों का टेस्ट मैच देखने जा रहे हैं। - माइकल वॉन, पूर्व कप्तान, इंग्लैंड क्रिकेट टीम

57

टेस्ट एशेज सीरीज के खेले गए हैं सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में। इनमें से 27 ऑस्ट्रेलिया ने जबकि 22 इंग्लैंड ने जीते हैं। आठ टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं

भारत के बाहर मैच शिफ्ट हुए तो बदलना पड़ सकता है टी20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल

बांग्लादेश ने ICC के पाले में डाली गेंद

एजेंसियां, ढाका/नई दिल्ली: बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने अपने सरकार के निर्देश पर आधिकारिक बयान जारी करते हुए अगले टी20 वर्ल्ड कप के अपने मैच भारत से बाहर कराने का आग्रह किया है। इसने इंटरनैशनल क्रिकेट कांसिल (ICC) को अपने फैसले से अवगत करा दिया है। गेंद अब ICC के पाले में है। इसको इस मुद्दे पर ध्यान देना होगा क्योंकि बांग्लादेश को लीग स्टेज के अपने चारों मैच भारत में खेलने हैं। पाकिस्तान के साथ हुए समझौते की तरह बांग्लादेश भी चाहता है कि उसके सभी मैच ट्रांसमिट के सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए जाएं। BCB के बयान के मुताबिक, 'BCB ने वर्ल्ड कप के आयोजक ICC से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि वह बांग्लादेश के सभी मैचों को भारत के बाहर किसी अन्य स्थान (सह-मेजबान श्रीलंका) में स्थानांतरित करने पर विचार करे।' BCB को उम्मीद है कि ICC इस मामले पर तत्काल प्रतिक्रिया देगी। अगर ICC बांग्लादेश बोर्ड के फैसले को मान लेती है, तो उसको टी20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल में परिवर्तन करना पड़ सकता है।

फेसबुक पेज पर कर दी घोषणा: BCB द्वारा बयान जारी करने से पहले ही बांग्लादेश सरकार के सलाहकार आसिफ नजरूल ने फेसबुक पर घोषणा कर दी कि बोर्ड ने भारत में अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला कर लिया है। उनके बंगाली भाषा में साझा पोस्ट में लिखा, 'बांग्लादेश वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत नहीं जाएगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आज यह निर्णय लिया है। हम भारतीय क्रिकेट बोर्ड की हिंसक संप्रदायिक नीति के संदर्भ में लिए गए इस निर्णय का स्वागत करते हैं।' BCB की आपातकालीन बैठक के बाद नजरूल ने बोर्ड को निर्देश दिया कि वह नय शाह के नेतृत्व वाली ICC से बांग्लादेश के चार लीग मैचों (कोलकाता में तीन और मुंबई में एक) को श्रीलंका में स्थानांतरित करने का अनुरोध करे। नजरूल ने अपने फेसबुक पेज पर बंगाली में लिखा, 'खेल मंत्रालय के प्रभारी सलाहकार के रूप में मैंने क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह इस पूरे मामले को लिखित रूप में ICC को स्पष्ट करे। बोर्ड को यह स्पष्ट करना होगा कि कोर्ट्समें होने के बावजूद अगर कोई खिलाड़ी भारत में नहीं खेल सकता तो बांग्लादेश की नैशनल टीम वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत की यात्रा करने में मुसीबत महसूस नहीं कर सकती। मैंने बोर्ड को यह भी निर्देश दिया है कि वह औपचारिक रूप से अनुरोध करे कि बांग्लादेश के वर्ल्ड कप मैच श्रीलंका में आयोजित किए जाएं।'

मुस्ताफिजुर मामले के बाद आया रिएक्शन: शाहरुख खान के सह-स्वामित्व वाली कोलकाता नाइटराइडर्स ने बीसीसीआई के निर्देश के बाद बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को 'रिलीज' कर दिया गया था। प्रीवाइनी ने पिछले महीने अब्र धाबी में हुई नीलामी में मुस्ताफिजुर को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए। हसीना पिछले साल अगस्त में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद भारत आ गई थीं।

बांग्लादेश की टी20 टीम की कप्तान संभालेंगे लिटन दास

लिटन की अगुआई में टीम की भी घोषणा हुई

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए लिटन दास की अगुआई वाली 15 सदस्यीय टीम का भी ऐलान कर दिया है। फास्ट बोलर तस्किन अहमद हाल में आयरलैंड सीरीज से बाहर रहने के बाद टीम में वापस आए हैं। टीम में मुस्ताफिजुर रहमान भी हैं जिन्हें केकेआर नाइटराइडर्स ने अपनी आईपीएल टीम से रिलीज कर दिया था और उसके बाद सारा विवाद शुरू हुआ।

बांग्लादेश की टी20 टीम

लिटन दास (कप्तान), मोहम्मद सैफ हसन (उप-कप्तान), तंजिद हसन, परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदय, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन, मेहदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्किन अहमद, मोहम्मद शैफुद्दीन, शोरिफुल इस्लाम।

भारत के खिलाफ कोई मुकाबला नहीं

बांग्लादेश को अगले टी20 वर्ल्ड कप में ग्रुप-स्टेज में रखा गया है। उसके साथ इस ग्रुप में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, नेपाल और इटली भी है। ग्रुप स्टेज में उसे कुल चार मैच भारत में खेलने हैं और इनमें से कोई भारत के खिलाफ नहीं है। बांग्लादेश को वर्ल्ड कप के शुरुआती दिन है अपना पहला मैच खेलना है। बांग्लादेश के चार लीग मैच में से तीन वेस्टइंडीज (7 फरवरी), इटली (9 फरवरी), इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में हैं। उनका आखिरी मैच नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में होगा। बांग्लादेश ने यह सवाल उठाकर कि जब एक खिलाड़ी (मुस्ताफिजुर रहमान) को सुरक्षा नहीं मिल सकती तो पूरी टीम की सुरक्षा को लेकर वह कैसे निश्चित हो सकता है, ICC को परेशोपेश में डाल दिया है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

रूट-ब्रुक ने पहले दिन दिलाई बढ़िया शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया Vs इंग्लैंड
पांचवां टेस्ट,पहला दिन

67 वें टेस्ट फिफ्टी बनाई जो रूट ने जबकि हैरी ब्रुक ने 15वीं बार टेस्ट में अपना अर्धशतक पूरा किया

139 साल बाद यह पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में किसी स्पेशलिस्ट स्पिनर को इलेवन ने नहीं रखा

ब्रीफ स्कोर
इंग्लैंड (पहली पारी): 45 ओवर्स में 211/3* (हैरी ब्रुक 78*, जो रूट 72*, माइकल नेसर 1/36, मिचेल स्टार्क 1/53)

सिडनी, एजेंसियां: जो रूट और हैरी ब्रुक के बीच 154* रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन खराब रोशनी के कारण खेल रोक जाने तक तीन विकेट पर 211 रन बनाए। इस मैच में बीती आतंकी हमले के पीड़ितों और 'फ्रंट लिफ्टेनर्स' को मैदान पर श्रद्धांजलि दी गई। रूट (72* रन, 103 बॉल, 8 फोर) और ब्रुक (78* रन, 92 बॉल, 6 फोर, 1 सिक्स) उस समय एक साथ आए जब इंग्लैंड की टीम 57 रन तक तीन विकेट गंवाकर संकट में थी। रूट और ब्रुक की यह साझेदारी मौजूदा सीरीज में मेहमान टीम की और से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। खराब रोशनी और बारिश के कारण चाय के विश्राम से ठीक पहले खेल रोक दिया गया और फिर मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका।

तेज गति से रन बनाए: रूट और ब्रुक दोनों ने उसी ओवर में अपने अर्धशतक पूरे किए जिसमें उनकी शतकीय साझेदारी पूरी हुई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को पिच से अधिक मदद नहीं मिल रही थी जिससे इस जोड़ी की बदौलत इंग्लैंड ने निर्णायक बनाया। रूट ने 65 गेंद में अपना 67वां जबकि ब्रुक ने 63 गेंद में 15वां अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड ने सुबह के सेशन में जल्दी-जल्दी तीन विकेट खो दिए। बेन डकेट और पैक फ्राउली ने मेहमान टीम को तेज शुरुआत दी थी। मिचेल स्टार्क ने 35 रन के स्कोर पर डकेट (27) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराके सीरीज का अपना 27वां विकेट हासिल किया।

आठ गेंद में दो विकेट: इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अंत गेंद में दो विकेट लिए। माइकल नेसर ने ज़ाक क्रॉली (16) को एलबीडब्ल्यू किया जबकि स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल (10) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया। ऑस्ट्रेलिया ने इलेवन में एक बदलाव करते हुए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को जब रिचर्डसन की जगह इस सीरीज में पहली बार खेलने का मौका दिया। मिचल स्टॉट मच्छों को जगह नहीं मिल पाई। चौथे टेस्ट के दौरान सस एक्सिकेन के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 3-1 की बढ़त के साथ पहले ही एशेज अपने पास रखना सुनिश्चित कर चुका है।

द एशेज

टाइगर्स की विमिंस और मेंस टीम ने मारी बाज़ी

एजेंसियां, नई दिल्ली: महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आठवें मैच में आर्ची बंगाल टाइगर्स ने मेनहाल रांची रॉयल्स को 1-0 से मात दी। इस मुकाबले का इकलौता गोल अर्सटिना गैरलेजानी ने दाग, जिनके गोल की मदद से टीम को तीन अंक मिले। इसी के साथ आर्ची बंगाल टाइगर्स पॉइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। मरांग गोमके जयपाल सिंह एष्टो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में रांची रॉयल्स ने मुकाबले की शुरुआत में ही मिडफील्डर ने दबदबा बनाते हुए खेल की गति को नियंत्रित किया। पहले क्वॉर्टर में उन्हें पांच पेनल्टी कॉर्नर और सात सर्कल पेनिट्रेशन मिले, लेकिन आर्ची के गोलकीपर नेनिका रिनो ने शानदार बचाव किए।

मेंस टीम की भी जीत: दूसरी ओर, मेंस एचआईएल में भी रन चैंपियन आर्ची बंगाल टाइगर्स ने चेन्नै में हुए मैच में जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब पर 3-1 की शानदार जीत के साथ अभियान की शुरुआत की। टाइगर्स के लिए सुखजीत सिंह (33वें मिनट), अभिषेक (45वें) और सुरसेवक सिंह (60वें) ने गोल किए जबकि प्रभलेत सिंह (54वें) ने सूरमा के लिए एक गोल किया। पहला क्वॉर्टर बराबरी का रहा जिसमें दोनों टीमें गोल करने की कोशिश कर रही थीं। सूरमा ने टाइगर्स के डिफेंस को फैलाने की कोशिश की। लेकिन टाइगर्स तेज 'काउंटर-अटैक' पर निर्भर रही। निकोलस पौसलेट और टीमी बिलेस्का के कुछ अच्छे मूव के बावजूद पहले 15 मिनट में कोई भी टीम मौका नहीं बना पाई।

अर्सटिना गोरजेलानी ने दागा विजयी गोल

ओलिंपिक्स मेज़बानी की मज़बूती से तैयारी कर रहा है भारत: पीएम

एजेंसियां, वाराणसी: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि पिछले खेढ़े 11 वर्षों में सरकार ने देश में खेलों के क्षेत्र में व्यापक बदलाव करते हुए 20 से अधिक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किए हैं और भारत 'पूरी मजबूती' से 2036 के ओलिंपिक्स की मेजबानी की भी तैयारी कर रहा है। वाराणसी में रविवार से शुरू हुई 72वीं सीनियर नैशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े पीएम ने कहा कि पिछले एक दशक में कई शहरों में फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप और हॉकी वर्ल्ड कप समेत 20 से अधिक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किए गए हैं।

उन्होंने कहा, '2030 के राष्ट्रमंडल खेल भी भारत में ही होने जा रहे हैं। भारत पूरी मजबूती से ओलिंपिक्स की मेजबानी की भी तैयारी कर रहा है। इसके पीछे प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को खेलने के अधिक से अधिक मौके मिलें।'

पाले खेलों को लेकर सरकार और समाज दोनों में ही उदासीनता का माहौल था। बहुत कम युवा खेल को करियर की तरह अपनाते थे, लेकिन बीते दशक में खेलो को लेकर सरकार और समाज दोनों की ही सोच में बदलाव दिख रहा है। - नरेंद्र मोदी, पीएम

डेमियन मार्टिन की स्थिति में चमत्कारिक सुधार: गिलक्रिस्ट

एजेंसियां, नई दिल्ली: मेलिनबर्नहुरिंस से पीड़ित होकर गंभीर हालत में पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेमियन मार्टिन को लेकर राहत भरी खबर मिली है। मार्टिन कोमा से बाहर आ गए हैं और बातचीत भी कर पा रहे हैं। मार्टिन के परिवार की ओर से जारी बयान में करीबी दोस्त और एडम गिलक्रिस्ट ने कहा, 'पिछले 48 घंटों में घटनाओं में अविश्वसनीय मोड़ आए हैं। मार्टिन अब बात कर पा रहे हैं। कोमा से बाहर आने के बाद से उन्होंने असाधारण रूप से अच्छी प्रतिक्रिया दी है।'

पूर्व क्रिकेटर पर राहत भरी खबर



डेमियन मार्टिन

आर्सेनल की जीत में राइस ने दागे 2 गोल

एपी, लंदन: डेकलान राइस के दो गोल की मदद से आर्सेनल ने चिढ़ड़ने के बाद वापसी करते हुए बोर्नमाउथ को 3-2 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में छह अंक की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के मिडफील्डर राइस ने दूसरे हाफ में दो गोल (हाफर आर्सेनल की जीत सुनिश्चित की) घुटने की चोट के कारण शुरुआत में राइस के खेलने पर संदेह था, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल मेगलहाइस ने भी एक गोल किया। बोर्नमाउथ के लिए इवानिलअस और एली जूनियर क्रोपो ने गोल दागे।

फुटबॉल कॉर्नर



डेकलान राइस

अटलांटा से हारा रोमा

मिलान: निचान पिएरो गैस्पेरिनी के वापसी मुकाबले में रोमा को सेरी-ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अटलांटा के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मैच का एकमात्र गोल 12वें मिनट में जॉर्जियो स्केलविनी ने किया। इस जीत से अटलांटा की टीम शीर्ष स्थान पर पहुंच गई।

सेनेगल क्वॉर्टर फाइनल में

रबात (मोरक्को): सादियो मने की अगुआई में सेनेगल ने सूडान को 3-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2019 और 2022 के अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर रहे सादियो ने निलविद कप्तान कासिदोउ कोलिबाली की गैरमौजूदगी में टीम के अपने साथियों के लिए कई मौके बनाए।

लीवरपूल के तैरान्स एलेक्जेंडर आर्नल्ड ने इस बदलाव के साथ ही अपनी जगह पक्की कर ली है। इससे पहले इस सीजन में उन्हें बेंच पर बैठना पड़ा था। इसके अलावा लीवरपूल की ओर से कोडी गाकपो ने भी एक गोल किया। इस जीत के साथ लीवरपूल ने 19 मैचों में 43 अंक हासिल कर लिए हैं। वह आर्सेनल से एक अंक पीछे है। आर्सेनल ने 18 मैचों में 44 अंक हासिल किए हैं।

फटाफट खबरें

सिंड्रेला और दिव्यांशी जीते

वडोदरा: सिंड्रेला दास, दिव्यांशी भौमिक और जाह्नवी मिकू मात्सुशिमा ने 'डब्ल्यूटीए यूथ कंटेंडर' 2026 में लड़कियों के अंडर-19 सिंगल्स में अपने-अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। सिंड्रेला ने अंडिमेंट मेहतो को 11-7, 11-7, 11-8 से हराया, जबकि दिव्यांशी ने श्रेष्ठा ठोकेम को 11-4, 11-3, 11-7 से मात दी। मिकू ने गुंजन कुमार पर 11-3, 11-6, 11-4 से जीत दर्ज की।

रेफरी पैनल पर विवाद

नई दिल्ली: चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में पांच जनवरी से होने वाली अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं क्योंकि मेजबान विश्वविद्यालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा सुझाए गए रेफरी पैनल से अलग पैनल चुना है, जिसके कारण राष्ट्रीय महासंघ ने तकनीकी अधिकारियों को भेजने से मना कर दिया है।

स्पोर्ट्स QUIZ
इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज के कितने मैच जीते हैं?
A) 27 B) 22 C) 30 D) 45

2. जो रूट ने अपने टेस्ट करियर में अब तक कितनी हाफ सेंचुरी जड़ी हैं?
A) 15 B) 50 C) 67 D) 33

कल के जवाब
1. C) 11 जनवरी 2. B) विदर्भ

लकी WINNER
1. डॉ. देवराज जैन, रोहिणी, नई दिल्ली
2. दिनेश प्रभुनाथ वर्मा, जोगेश्वरी, मुंबई
3. राकेश कुमार जैन, गुड़गांव, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलकारक है। समाज के बीच आपके मान-सम्मान की वृद्धि होगी एवं करके हुए कार्य भी आज के दिन बन जाएंगे। आज के दिन धार्मिक यात्रा का प्रबल प्रबल होकर स्थगित होना। शुभ व्यय वर्तित की वृद्धि होगी। सतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा और मन को सांत्वना मिलेगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
राशि का स्वामी शुक्र नाम भाग्य भाव में राज्य मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि कारक है। पंडम तृतीय भाव में मंत्रक राशि का मित्रक और सप्तमस्थ महान व्यक्तियों की कृपा से धन लाभ कराएगा। अचल मौजा आपके अनुकूल है, बस उसे पहचानना आपके हाथों में है। आज की रात्रि आपके सफल होगी।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आपकी राशि का स्वामी बुध धनु राशि सूर्य के साथ अष्टम भाव में उदय चल रहा है। आज के दिन आपके जिनिये कार्यक्षेत्र में आपको बाधा करेंगे। आप किसी सिंडूल की मिश्रा को लेकर परेशान भी रहेंगे। व्यावसाय में विशेष सावधानी बरते और जोखिम के कार्यों से दूर रहें, अन्यथा आपके खतरनाक परिणाम।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज का दिन आपको लिए सुख-शांति का रहेगा। पिछले कई दिनों से चल आ रहा तनाव आज दूर हो जाएगा और आप नई उर्जा से भर जाएंगे। राशि का स्वामी चंद्रमा चतुर्थ भाव में पराक्रम वृद्धि और छोटे-छोड़ाते में दिजय कारक है। राशि पर मित्रुन राशि का गुरु पाँचवें को देख मुलत रहेगा।

LEO 23 July - 22 Aug
आपकी राशि का स्वामी सूर्य भरण भाव में धनु राशि का होकर संघर्ष कर रहे हैं। पंडम द्वादश भाव में अंशनक बड़ी मात्रा में लाभ कराकर योग वृद्धि करेगा। स्वास्थ्य के समय हर्षोत्सव समारोह मिलेगा। राशि में मिलने मालव्य समारोह में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज का दिन आपके स्वास्थ्य एवं सुख पर कार्यक्षेत्र में सुधार का दिन है। इसिहास धन लाभ होने से आपका मनोबल बढ़ेगा। पत्नी व संतान पक्ष से सांत्वनाकारक समाचार से प्रसिद्ध होंगे। उत्तम जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। रिश्तेदारों से आपस में खुश करने का दिन है, लाभ उठाएं।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आपकी राशि के स्वामी शुक्र का धनु राशि में प्रवेश हो चुका है। राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। व्यवसायिक सुख-भोगों का विस्तार होगा उच्च परिवार में हर्ष-मंगलमय परिवर्तन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। राशि में किसी विशेष समारोह में सम्मिलित होंगे। आज के दिन किसी महान व्यक्ति के मिलने से बहुत समय से स्थगित चल रहे महत्वपूर्ण कार्य में गति आएगी।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज का दिन तनाव भरा रहेगा। आपकी राशि से पंचम राशि यौग कर रहे हैं। आ. विवेक से काम लें और विचलित भी जल्दबाजी न करें। आज निवटवर्ती जोगी से कार्य के विषय में न उलझें, हानि हो सकती है। आज स्वास्थ्य के प्रति भी विशेष सावधानी बरतें, अन्यथा सोहा संबंधी कष्ट हो सकते हैं।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज दिनभर आपको अपनी किसी प्रिय वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। चतुर्थ भाव में मीन राशि राशि कार्य व्यय व भगदौड़ कराएगा। नजदीक व दूर दो सफलतादेय यात्रा के प्रबल प्रबल होंगे। एवादश भाव में गुरु राशि का पंचम सप्तमस्थ कुछ अच्छे समाचार व मन को सांत्वना देंगे।



CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन स्वास्थ्य को बढ़ाने वाला है। चतुर्थ सुख भाव में राहु जमीन-जायदाद के कार्यों से अप्रत्याशित लाभ कराएगा। अंत पुत्रभे के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से आपका मिलाप काम बन जाएगा। कार्यक्षेत्र में आज के दिन आपके कार्यक्षेत्रीय की प्रशंसा होगी।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आपकी राशि का स्वामी शनि, मीन राशि का होकर द्वितीय भाव में विराजमान है। पंडम आज पराम घर में आज के नए खेल विकसित करेगा। आज के दिन आपका जीवनस्तर उच्च उठेगा। शत्रु पक्ष पराजित होगा। नया परिवार स्थायी मित्रता में परिवर्तित होगा। खेतर होगा कि आज आप समय का लाभ उठाएं।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
राशि का स्वामी देवगुरु बिलते कई दिनों से मिथुन राशि का होकर पंचम भाव में चल रहा है। पंडम में आज पराम घर में उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा। खोया हुआ धन या वस्तु हुआ मिल आज के दिन मिल जाएगा। आप निवेशों के मामले में जोखिम उठा सकते हैं, लेकिन बेहतर होगा कि पहले किसी परिजन से चर्चा कर लें। मंत्रक राशि के बल पर किसी जटिल समस्या का समाधान में हो जाएगा।

क्या कहते हैं आपके नंबर
(5 जनवरी - 11 जनवरी 2026)



[आशार्य नंदिता पांडे]

मूलांक 1
(जन्म तिथि 1, 10, 19, 28)
प्रेम संबंध में आपसे प्रेम सुदृढ़ होगा एवं अपने लव लाइफ में सुखद परिणाम प्राप्त करने के कई अवसर आपको इस सप्ताह मिलते जाएंगे। कार्यक्षेत्र में अपने पर भरोसा कर निर्णय लेने से अधिक सफल रहेंगे। आर्थिक मामलों में फोकस की आवश्यकता है तभी उन्नति होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में बाहरी कारणों की वजह से कष्ट उत्पन्न हो सकते है एवं दूसरे आप पर हावी होने की कोशिश कर सकते है।

मूलांक 2
(जन्म तिथि 2, 11, 20, 29)
इस सप्ताह लव लाइफ में सुखून रहेगा एवं मन प्रसन्न रहेगा। आपकी नई स्वेप आपकी लव लाइफ में रौनक लेकर आएगी। कार्यक्षेत्र में खट्टे-मीठे अनुभव रहेंगे। जिस तरह के बदलाव आप अपने प्रोजेक्ट में चाहते है उन्हें प्राप्त करने में अभी समय अधिक लगेगा। आर्थिक मामलों में समय शुभ है एव आपको अपने निवेशों द्वारा धन लाभ होगा। इस सप्ताह के उत्तरार्ध में किसी बात को लेकर मन बेचैन रहेगा।

मूलांक 3
(जन्म तिथि 3, 12, 21, 30)
इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति होगी एवं रचनात्मक कार्यों द्वारा सफलता आसानी से हासिल होगी। इस सप्ताह आप अपने प्रोजेक्ट की सफलता से प्रसन्न रहेंगे। आर्थिक मामलों में भी धन लाभ रहेगा एवं जीवन में लापरवाही नही बरतेंगे तो सुखी रहेंगे। प्रेम संबंध में आपके द्वारा की गई मेहनत आपके लिए शुभ फल लेकर आएगी। सप्ताह के अंत मे प्रैक्टिकल होकर निर्णय ले, तो बेहतर होगा।

मूलांक 4
(जन्म तिथि 4, 13, 22, 31)
इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे है। आर्थिक मामलो मे भी धन लाभ की प्रबल स्थितिया बनेगी। बिजनेस ट्रिप सफल रहेगी एवं धन लाभ लेकर आएगी। प्रेम संबंध मे सुखून रहेगा एवं आप अपने जीवनसाथी के स्वनिध्य मे काफी रिलैक्स महसूस करेंगे। इस सप्ताह के अंत मे की गई यात्राएं सफल रहेगी एवं यात्राओं के दौरान आप नए दोस्त भी बनाएंगे जो भविष्य मे आपकी मदद करेंगे।

मूलांक 5
(जन्म तिथि 5, 14, 23)
कार्यक्षेत्र मे उन्नति होगी और आपके प्रोजेक्ट समय पर पूरे होते जाएंगे। इस सप्ताह की शुरुआत मे आपको अपने प्रोजेक्ट्स से संबंधित कोई सवरासात्मक समाचार मिल सकता है। प्रेम संबंध मे आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा एवं लव लाइफ मे खुशियां दस्तक देंगी। आर्थिक मामलो मे व्यय की स्थितिया बन रही है और बच्चे पर खर्च अधिक होते दिखाई दे रहे है।

मूलांक 6
(जन्म तिथि 6, 15, 24)
इस सप्ताह आपके जीवन मे खट्टे-मीठे अनुभव रहेंगे। आय कार्यक्षेत्र मे कुछ प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी रिलैक्स महसूस करेंगे, लेकिन वही किसी प्रोजेक्ट को लेकर मन परेशान भी रहेगा। आर्थिक मामलो मे भी सहोदरों मे लिए गए निवेश कष्ट लेकर आ सकते है। प्रेम संबंध मे संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है।

मूलांक 7
(जन्म तिथि 7, 16, 25)
इस सप्ताह आपके कार्यक्षेत्र मे उन्नति के योग बन रहे है एव आपको अपने प्रोजेक्ट द्वारा सफलता हासिल होगी, भले ही वह आपकी अपेक्षाओ से कमतर क्यो न हो। आर्थिक मामलो मे आपको किए गए अछे इस सप्ताह पूरे होते दिखाई नही दे रहे है। एक बैक अप प्लान के साथ अपने निवेशो पर ध्यान देने तो बेहतर रहेगा।

मूलांक 8
(जन्म तिथि 8, 17, 26)
आर्थिक मामलो मे उन्नति के योग बन रहे है। लव लाइफ मे खुशियां दस्तक देंगी। कार्यक्षेत्र मे किसी सहयोगी से बहसबाजी मे न उलझे, तो बेहतर होगा अन्यथा प्रतिकूल असर रहेगा। सप्ताह के अंत मे जीवन मे सतुष्ट रहेंगे और मन प्रफुल्लित रहेगा।

मूलांक 9
(जन्म तिथि 9, 18, 27)
इस सप्ताह आपकी आर्थिक स्थिति काफी बेहतर होती जाएगी एव धन वृद्धि के कई अवसर आपको प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र मे उतार-चढ़ाव रहेंगे एवं काही पर नुकसान उठाना पड़ेगा। किसी नए प्रोजेक्ट द्वारा सफलता प्राप्त होगी। प्रेम संबंध बेहतर होंगे एवं आपको अपने स्वभ्रे द्वारा कोई उपहार भी मिल सकता है। सप्ताह के अंत मे भाग्यीय द्वारा उल्लहन सुलझेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं
वह वर्ष आपको रजत पाट से प्रवेश कर रहा है। वर्ष पति मूला दशन केंद्र में जनवरी के शेष आठ दिनों में राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि करेगा। जनवरी से मार्च तक अपके ज्ञान की वृद्धि होगी। औल-मंत्र में आयात-निर्यात के व्यवसाय के जुड़े जातकों को कारबार नई-नई समस्याओं से जूझना पड़ेगा। जून में बाधाएं दूर होंगी और व्यापार के अछे अवसर प्राप्त होंगे। जुलाई अंत तक जहां आपको किसी भाग्यवर्धक क्षेत्र से जुड़ना पड़ेगा, वहीं अगस्त में आपके कार्य कौशल व एकाग्रता से सभी जटिल कार्य सरल हो जाएंगे। सितंबर-अक्टूबर में आपके कार्य कौशल की प्रशंसा होगी। 10 नवंबर तक वर्तित की वृद्धि होगी। महिलाओं के दाम्पत जीवन में समरसता बढ़ेगी। विद्यार्थियों को साधारण परिश्रम से उच्च सफलता मिलेगी। दैवाटन व धार्मिक कार्यों पर व्यय होकर पुण्यार्जन होगा। -आचार्य कुम्भ दत्त शर्मा

काल का पंचांग (मंगलवार, 6 जनवरी 2026)
राष्ट्रीय मिति पौष 17, कक संवत 1947, मघ कृष्ण, तृतीया, मंगलवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास पक्षिट 23, रजब्ब 16, हिजरी 1447 (मुस्लिम)। दद अनुसर अंग्रेजी तारीख 6 जनवरी 2026 है। सूर्य उत्तरायन, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 3 बजे से साढ़े 4 बजे तक। तृतीया तिथि प्रात: 8 बजकर 2 मिनट तक उपरांत चतुर्थी तिथि का आरंभ। आश्लेष नक्षत्र मध्यह्न 12 बजकर 18 मिनट तक उपरांत मघा नक्षत्र का आरंभ। विष्टि करण प्रात: 8 बजकर 2 मिनट तक। पंडम मध्यह्न 12 बजकर 18 मिनट तक कर्क उपरांत सिंह राशि पर संचार करेगा।

सुडोकू

		4		6		8		
8			7		4			2
2		7				6		3
	6			9			7	
			6		5			
	7			5		8		
3		9				4		1
6			1		9			5
		1		4		2		

TELEVISION

big magic

09:00 बचत्र डबल
10:00 बादल्ल डबल
11:00 रूट के रनंस
11:30 अनाउंस
12:00 दक्षाओं अनेस कृष्णा
13:30 भ से भाई
14:30 हम पाच
15:00 अपना देश की राजद्ध कहानी
15:30 पहर कैसल्ल की लाडी
19:30 रूट के रनंस
21:00 दीप्त

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in